शुभ दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

RNI : DELHIN/2006/19302

वर्ष: 18 अंक: 301 पृष्ठ: 20 | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## एलएसी: पीछे हट रहे भारत-चीन के सैनिक

### पूर्वी लद्दाख में सैनिकों की वापसी से संबंधित प्रस्तावों को व्यवस्थित तरीके से लागू कर रही हैं

**भारत सतर्क**

- चीन और भारत सीमा से संबंधित मुद्दों पर समाधान पर पहुंच गए हैं
- समझौते का हो रहा पालन



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली/बीजिंग:** भारत और चीन की तरफ से सीमा पर तनाव कम करने के लिए एक समझौते पर पहुंचने के एक हफ्ते के भीतर ही दोनों देशों की सेनाओं ने पीछे हटना शुरू कर दिया है। चीन ने बुधवार को कहा कि चीनी और भारतीय सेनाएं वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के साथ पूर्वी लद्दाख में सैनिकों की वापसी से संबंधित प्रस्तावों को व्यवस्थित तरीके से लागू कर रही हैं। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने सैनिकों की वापसी की प्रगति के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि चीन और भारत सीमा से संबंधित मुद्दों पर समाधान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कोई भी जानकारी देने से इनकार करते हुए कहा, 'फिलहाल, चीनी और भारतीय सीमा पर तैनात सैनिक व्यवस्थित तरीके से प्रस्तावों को लागू कर रहे हैं।'

**पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति के बीच हुई बातचीत से निकला समाधान**

भारत और चीन के बीच हुए इस अहम समझौते के बाद दोनों देशों ने दो अक्तूबर को पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचौक में टकराव वाले दो बिंदुओं पर सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया शुरू की थी।

**देपसांग और डेमचौक में डिसइंगेजमेंट पर नजर रख रहे**

पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बातचीत के बाद से पूर्वी लद्दाक में एलएसी पर डिसइंगेजमेंट की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। डिसइंगेजमेंट की प्रक्रिया का मतलब सैनिकों की वापसी से होता है। भारतीय सेना के अधिकारी देपसांग और डेमचौक में इस डिसइंगेजमेंट पर नजर रख रहे हैं। इन सब के बीच डेमचौक में दोनों ही तरफ से अभी तक कई टेंट हटाए जा चुके हैं। हालांकि, ये प्रक्रिया अब पूरी कर ली गई है। पूर्वी लद्दाख में सात ऐसे पॉइंट हैं, जहां चीन के साथ टकराव की स्थिति रहती है। ये हैं पेट्रोलिंग पॉइंट 14 यानी गलवान, 15 यानी हॉट स्प्रिंग, 17अ यानी गोगरा, पैंगोंग झील के उत्तर और दक्षिण छोर, डेपसांग प्लेन और डेमचॉक में चारदिंग नाला हैं, जहां तनाव रहता है।

**जून 2020 में हुई थी खून झड़प**

अप्रैल 2020 में चीन ने एक सैन्य अभ्यास के बाद पूर्वी लद्दाख के 6 इलाकों में अतिक्रमण किया था। 2022 तक चार इलाकों से चीन की सेना पीछे हट गई। दौलत बेग ओल्डी और डेमचॉक पर भारतीय सेना को पेट्रोलिंग नहीं करने दी जा रही थी। अप्रैल 2020 से पहले सैन्य अभ्यास के नाम पर चीनी सेना हजारों की तादाद में सीमा पर जमा हो गई। जवाबी कार्रवाई में भारतीय सेना ने भी तैनाती की। जून 2020 में गलवान में चीनी सैनिकों और भारतीय जवानों के साथ खूनी झड़प हुई।

## माहिम सीट: अमित ठाकरे के पीछे ही जोर लगाएगी बीजेपी

### 'नाम वापस लेने के लिए नेताओं को मनाने की कोशिश करेगी भाजपा'

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई :** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि भाजपा माहिम सीट पर अमित ठाकरे के पीछे अपना जोर लगाना चाहती है। इस सीट पर सत्तारूढ़ शिवसेना भी चुनाव लड़ रही है। अमित महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के बेटे हैं। फडणवीस ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस स्थिति का समाधान ढूंढने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा अपने विद्रोही नेताओं को नाम वापस लेने के लिए मनाने की कोशिश करेगी। लेकिन कुछ सीटों पर दोस्ताना मुकाबला होगा।



मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने माहिम से मौजूदा विधायक सदा सर्वांकर को उम्मीदवार बनाया है। जबकि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) ने महेश सावंत को इसी सीट पर उम्मीदवार बनाया है। राज ठाकरे की मनसे सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन का हिस्सा नहीं है। महायुति में भाजपा, शिवेना और उपमुख्यमंत्री अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल हैं।

## स्टेशनों पर अधिक भीड़भाड़ से बचें यात्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** महाराष्ट्र के बांद्रा टर्मिनस पर बीते दिनों हुई भगदड़ के कुछ दिनों बाद पश्चिमी रेलवे ने एक नया आदेश जारी किया है। उसका कहना है कि अगर यात्रियों का सामान उनकी संबंधित यात्रा श्रेणी के लिए स्वीकार्य व तय सीमा से अधिक होगा तो उन पर जुमार्ना लगाया जाएगा।

रेलवे ने लोगों से स्टेशनों पर अधिक भीड़ न लगाने का भी आग्रह किया है। पश्चिम रेलवे ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा, 'रेलवे अपने प्रत्येक यात्री को अपनी यात्रा के दौरान एक निश्चित मात्रा में ही बिना किसी शुल्क के सामान ले जाने की अनुमति देता है, लेकिन स्कूटर और साइकिल जैसी वस्तुओं समेत 100 सेंटीमीटर की लंबाई, 100 सेमी की चौड़ाई और 70 सेमी की ऊंचाई से बड़े आकार के सामान को निःशुल्क ले जाने की अनुमति नहीं होगी।'



**आदेश**

- यात्रियों का सामान तय सीमा से अधिक होगा तो उन पर जुर्माना लगाया जाएगा: रेलवे

**'निर्धारित सामान सीमा का भी पालन करें'**

इसमें आगे कहा गया, 'पश्चिम रेलवे सभी यात्रियों से आग्रह करता है कि वे स्टेशनों पर अधिक भीड़भाड़ से बचें और ट्रेन की समय सारणी के अनुसार केवल आवश्यक होने पर ही परिसर में प्रवेश करें तथा निर्धारित सामान सीमा का भी पालन करें।'

**आठ तक रहेगा आदेश लागू**

पश्चिम रेलवे ने सभी यात्रियों से निःशुल्क सामान की अधिकतम सीमा से संबंधित नियमों का पालन करने की अपील की है।

## शास्वत है सनातन, इसपर प्रहार करने वाले विनाश को आमंत्रित कर रहे : योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या: मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अयोध्या के राम की पैड़ी पर दीप प्रज्वलन कर दीपोत्सव 2024 का भव्य शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में सनातन धर्म की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यह धर्म दुनिया का सबसे प्राचीन और मानवता का मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि यह धर्म सभी के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है और इस शाश्वत व्यवस्था पर प्रहार करने का प्रयास स्वयं के विनाश को आमंत्रण देने जैसा होता है। उन्होंने इस बात पर भी ध्यान दिलाया कि जो ताकतें भारत को कमजोर करने की कोशिश कर रही हैं, वे त्रेतायुग के रावण और उनके अनुयायियों के समान समाज में विभाजन फैलाने का कार्य कर रही हैं।



**अधर्म पर सत्य की विजय का दिया संदेश**

योगी आदित्यनाथ ने रावण, मारीच, मेघनाद, और कुंभकरण के प्रसंगों को उद्धृत करते हुए कहा कि इन सभी ने अधर्म का साथ दिया और अंततः विनाश को प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि समाज में आज भी कुछ लोग केवल राजनीति के लिए नकारात्मकता और विभाजन फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, जो अपने निजी स्वार्थों के लिए सामाजिक एकता को चुनौती दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज का यह दीपोत्सव हमें याद दिलाता है कि जैसे त्रेतायुग में अधर्म का नाश हुआ, वैसे ही आज भी सत्य, न्याय और धर्म का मार्ग प्रशस्त करना हमारी जिम्मेदारी है।

**राष्ट्रीय एकता**

- दीपोत्सव का यह आयोजन जहां दीपों की माला से सामाजिक और राष्ट्रीय एकता को संबल प्रदान करता है

**दीपोत्सव को बताया राष्ट्रीय एकता का प्रतीक**

मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपोत्सव का यह आयोजन जहां दीपों की माला से सामाजिक और राष्ट्रीय एकता को संबल प्रदान करता है।













# विश्व स्ट्रोक दिवसः डीईपीडब्ल्यूडी ने जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम किए आयोजित



**नई दिल्ली। विश्व स्ट्रोक** दिवस के उपलक्ष्य में विकलांग व्यक्तियों के सशक्तीकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के तहत राष्ट्रीय संस्थानों और समग्र क्षेत्रीय केंद्रों ने स्ट्रोक की गंभीरता, इसकी रोकथाम और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। इस वर्ष का उद्देश्य स्ट्रोक के कारण होने वाली विकलांगता और मृत्यु दर को कम करना है। आँकड़ों के अनुसार स्ट्रोक विश्व स्तर पर मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण और विकलांगता का तीसरा प्रमुख कारण है। हर साल लगभग 1.8 मिलियन लोग स्ट्रोक से प्रभावित होते हैं। इसकी गंभीरता को देखते हुए स्ट्रोक के प्रभाव को संबोधित करने के लिए डीईपीडब्ल्यूडी द्वारा देश भर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कोलकाता में राष्ट्रीय लोकोमोटर विकलांगता संस्थान (एनआईएलडी) ने स्ट्रोक के बारे में जनता को शिक्षित करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक और जागरूकता सत्र आयोजित किए। इन सत्रों में विशेषज्ञों ने स्ट्रोक से जुड़े लक्षणों, जोखिमों और निवारक उपायों पर चर्चा की। नेल्लोर में समग्र क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) ने एक जागरूकता सत्र आयोजित किया, जहां उन्होंने विश्व स्ट्रोक दिवस के महत्व, स्ट्रोक के कारणों और इसके प्रभावों पर चर्चा की। विशेषज्ञों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि समय पर प्रतिक्रिया और उचित उपचार कई लोगों की जान बचा सकता है। इसके अतिरिक्त सीआरसी ने स्ट्रोक से प्रभावित लोगों के लिए उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। कुल्लू, बोलांगीर, राजनांदगांव और अन्य स्थानों पर भी अन्य सीआरसी ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें लोगों को स्ट्रोक के शुरूआती लक्षणों को पहचानने और समय पर चिकित्सा सहायता प्राप्त करने के बारे में शिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इन पहलों के माध्यम से डीईपीडब्ल्यूडी का लक्ष्य स्ट्रोक के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इस बात पर जोर देना है कि सही ज्ञान और सतर्कता के साथ स्ट्रोक से जुड़े जोखिमों को काफी कम किया जा सकता है। विश्व स्ट्रोक दिवस कार्यक्रमों के माध्यम से विभाग लोगों को में अधिक जागरूक बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।


# डीईपीडब्ल्यूडी ने जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम किए आयोजित

**नई दिल्ली। विश्व स्ट्रोक** दिवस के उपलक्ष्य में विकलांग व्यक्तियों के सशक्तीकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के तहत राष्ट्रीय संस्थानों और समग्र क्षेत्रीय केंद्रों ने स्ट्रोक की गंभीरता, इसकी रोकथाम और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। इस वर्ष का उद्देश्य स्ट्रोक के कारण होने वाली विकलांगता और मृत्यु दर को कम करना है। आँकड़ों के अनुसार स्ट्रोक विश्व स्तर पर मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण और विकलांगता का तीसरा प्रमुख कारण है। हर साल लगभग 1.8 मिलियन लोग स्ट्रोक से प्रभावित होते हैं। इसकी गंभीरता को देखते हुए स्ट्रोक के प्रभाव को संबोधित करने के लिए डीईपीडब्ल्यूडी द्वारा देश भर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कोलकाता में राष्ट्रीय लोकोमोटर विकलांगता संस्थान (एनआईएलडी) ने स्ट्रोक के बारे में जनता को शिक्षित करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक और जागरूकता सत्र आयोजित किए। इन सत्रों में विशेषज्ञों ने स्ट्रोक से जुड़े लक्षणों, जोखिमों और निवारक उपायों पर चर्चा की। नेल्लोर में समग्र क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी) ने एक जागरूकता सत्र आयोजित किया, जहां उन्होंने विश्व स्ट्रोक दिवस के महत्व, स्ट्रोक के कारणों और इसके प्रभावों पर चर्चा की। विशेषज्ञों ने इस बात पर प्रकाश डाला कि समय पर प्रतिक्रिया और उचित उपचार कई लोगों की जान बचा सकता है। इसके अतिरिक्त सीआरसी ने स्ट्रोक से प्रभावित लोगों के लिए उपलब्ध सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। कुल्लू, बोलांगीर, राजनांदगांव और अन्य स्थानों पर भी अन्य सीआरसी ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें लोगों को स्ट्रोक के शुरूआती लक्षणों को पहचानने और समय पर चिकित्सा सहायता प्राप्त करने के बारे में शिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इन पहलों के माध्यम से डीईपीडब्ल्यूडी का लक्ष्य स्ट्रोक के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इस बात पर जोर देना है कि सही ज्ञान और सतर्कता के साथ स्ट्रोक से जुड़े जोखिमों को काफी कम किया जा सकता है। विश्व स्ट्रोक दिवस कार्यक्रमों के माध्यम से विभाग लोगों को स्ट्रोक और इसके प्रभावों के बारे में अधिक जागरूक बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।




हरियाणा सरकार

वीरता शौर्य की गाथा वाला,
सर पै पगड़ी का बाणा
देश का बढ़ाया मान सदा,
ऐसा न्यारा म्हारा हरियाणा



म्हारा हरियाणा
नॉन-स्टॉप हरियाणा

59वें
हरियाणा दिवस
पर प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
1 नवंबर, 2024

"हरियाणा के अपने सभी परिवारजनों को राज्य के स्थापना दिवस पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। मेरी कामना है कि विकास के हर मानदंड पर यह राज्य नए-नए कीर्तिमान गढ़ता रहे।"
- नरेन्द्र मोदी



देशोऽस्ति हरयाणाख्यः पृथिव्यां स्वर्गसन्निभः*
(हरियाणा नाम का एक देश (प्रदेश) है जो इस धरती पर स्वर्ग के समान है।)
*दिल्ली के निकट सारवान गांव से मिले विक्रमी संवत् 1385 के शिलालेख से उद्धृत

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipprharyana

# अंतरराष्ट्रीय बाजार में रिकॉर्ड ऊंचाई पर सोना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: अंतरराष्ट्रीय बाजार** में सोना ने आज मजबूती का नया रिकॉर्ड बना लिया। सोने की कीमत आज 2,778.79 डॉलर प्रति औंस के सर्वोच्च स्तर तक पहुंच गई। माना जा रहा है कि अमेरिका में अगले महीने होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के पहले निवेशकों ने इक्विटी मार्केट से पैसा निकाल कर गोल्ड मार्केट में पैसा लगाना शुरू कर दिया है, ताकि चुनाव में किसी भी तरह की उलटफेर होने की स्थिति में भी उनका इन्वेस्टमेंट सुरक्षित रहे। सोने की मांग में आई तेजी की वजह से ही इसकी कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई तेजी से घरेलू सराफा बाजार में भी लगातार तेजी का रुख बना हुआ है। जानकारों का कहना है कि इंटरनेशनल मार्केट में अभी काफी अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है। जियो पॉलिटिकल टेंशन के कारण निवेशकों में पहले से ही अपने पैसे को चिंता बनी हुई है। इसके साथ ही अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच होने वाले मुकाबले में किसी की भी जीत अमेरिका की आर्थिक नीतियों को काफी प्रभावित करेगी। इस वजह से अमेरिका में फिलहाल राजनीतिक के साथ ही आर्थिक अनिश्चितता की स्थिति भी बनी हुई है। कोठारी सिक्योरिटीज एंड फाइनेंशियल सर्विसेज के चीफ एनालिस्ट रणदीप गुहा के अनुसार अमेरिका में अगले कुछ दिनों में अर्थव्यवस्था से जुड़े कई प्रमुख आंकड़े भी आने वाले हैं। इनमें सबसे पहले अमेरिकी इकोनॉमी की जीडीपी ग्रोथ का डाटा आने वाला है। इससे अर्थव्यवस्था की स्थिति का पता चल सकेगा, जिसका असर अगले हफ्ते अमेरिकी फेडरल रिजर्व की होने वाली बैठक पर भी असर पड़ेगा। माना जा रहा है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में एक बार फिर कटौती कर सकता है। ऐसा होने से सोने की कीमत को और सपोर्ट मिलेगा। बुलियन मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत में आने वाली कोई भी तेजी घरेलू सराफा बाजार पर भी असर डालेगी। आज घरेलू सराफा बाजार में सोना 80,460 रुपये से लेकर 80,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,760 रुपये से लेकर 73,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा था। सिर्फ एक दिन में ही इसकी कीमत में 620 रुपये से लेकर 670 रुपये तक का इजाफा हो गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई तेजी के साथ ही त्योहारी सीजन के कारण घरेलू डिमांड में हुई बढ़ोतरी ने भी सोने की कीमत को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा दिया है। अगर पिछले एक साल के ट्रेंड पर नजर डालें तो सोने की कीमत में 30 प्रतिशत से भी अधिक की तेजी आई है। सराफा बाजार में हाजिर सोने के भाव में तो तेजी आई ही है, एमसीएक्स पर भी सोना लगातार नहीं ऊंचाई छू रहा है। खासकर, धनतेरस पर इन्वेस्टर्स ने सोने में लॉन्ग पोजिशन बनाई है। इससे सराफा बाजार में सोने की कीमत को और सपोर्ट मिला है। मयंक मोहन के अनुसार फिलहाल सोने को निचले स्तर पर 77 हजार रुपये के स्तर पर सपोर्ट मिला हुआ है, जबकि ऊपरी स्तर पर 81,500 प्रति 10 ग्राम के लेवल पर रेजिस्टेंस बना हुआ है। इसके बावजूद आने वाले दिनों में सोने की कीमत में और तेजी आ सकती है। विशेष रूप से वेडिंग सीजन के दौरान मांग में बढ़ोतरी होने की वजह से भी सोने की कीमत में तेजी आने की संभावना बनी हुई है। हालांकि बीच-बीच में सराफा बाजार में सोने की कीमत में करेक्शन भी आ सकता है। करेक्शन के इन मौकों पर प्रोफेशनल इनवेस्टर तो पैसा लगाने की बात सोच सकते हैं, लेकिन फिलहाल छोटे और खुदरा निवेशकों को सोने की खरीद से तब तक दूर रहना चाहिए, जब तक कि अंतरराष्ट्रीय बाजार के साथ ही घरेलू बाजार में भी सोने की कीमत में स्थिरता का माहौल नहीं बन जाता है।

## प्रशासक की नियुक्ति की मांग के मामले में केन्द्र से मांगा जवाब

**नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने टेबल टेनिस फेडरेशन** ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के रोजाना के कामकाज को देखने के लिए प्रशासक की नियुक्ति की मांग वाली याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। बुधवार को चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 25 फरवरी को होगी। हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार के अलावा टीटीएफआई को भी नोटिस जारी किया है। याचिका नेशनल लेवल के पूर्व टेनिस खिलाड़ी यथार्थ पांड्या ने दायर की है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील सरोजानंद झा और तुषार कुमार ने याचिका में कहा है कि टीटीएफआई स्पोर्ट्स कोड का पालन नहीं कर रहा है। याचिका में मांग की गई है कि टीटीएफआई का नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन के रूप में मान्यता खत्म की जानी चाहिए क्योंकि ये स्पोर्ट्स कोड का पूरे तरीके से पालन नहीं कर रहा है। याचिका में कहा गया है कि कोर्ट के कई आदेशों के बावजूद टीटीएफआई के चुनाव में पारदर्शिता नहीं है और वित्तीय गड़बड़ियों की शिकायतें हैं। ऐसे में कोर्ट टीटीएफआई को निर्देश दे कि वो अपने वेबसाइट पर खातों के वित्तीय और फोरेंसिक आडिट के आंकड़े अपलोड करें ताकि स्पोर्ट्स कोड का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।


**उत्तर रेलवे**

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत
मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 08241503 | प्रोक्योरमेंट ऑफ रिले क्यू एन 1 | 2947 नग | 20.11.24 |
| 02 | 09242488 | सेंटर पिवोट टॉप फॉर बी एल सी वैगन | 2449 नग | 21.11.24 |
| 03 | 07241017 | ओवरहालिंग किट फॉर इमरजेंसी ब्रेक एक्सेलरेटर | 549 सेट | 25.11.24 |
| 04 | 09242042A | की बोल्ट विथ नट, स्प्रिंग वॉशर | 183953 नग | 25.11.24 |
| 05 | 07241583 | 203 एम एम एयर ब्रेक सिलिंडर विथ स्लैक एडजस्टर | 2520 नग | 25.11.24 |
| 06 | 77246507 | इंलास्टिक रेल क्लिप एमके–वी | 3109093 नग | 27.11.24 |
| 07 | 09242369 | ट्विस्ट हेड शाफ्ट फॉर ऑटोमैटिक ट्विस्ट लॉक ऑफ बी एल सी वैगन | 2387 नग | 28.11.24 |
| 08 | 08241502 | प्रोक्यूरमेंट ऑफ रिले एसी एल ई डी | 1612 नग | 28.11.24 |
| 09 | 07241133C | वेअरिंग पीस फॉर साइड बेयरर | 5772 नग | 02.12.24 |
| 10 | 77245464 | मैन्युफैक्चरिंग एंड सप्लाई ऑफ वन मीटर लोंग फिश प्लेट्स 52 किलोग्राम रेल्स | 7830 नग | 04.12.24 |
| 11 | 07241488 | डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व विथ रिले वाल्व | 581 नग | 10.12.24 |
| 12 | 07241501D | एयर ब्रेक होज कपलिंग, फॉर ब्रेक | 28153 नग | 10.12.24 |
| 13 | 07241073C | इंस्टालेशन लीवर असेंबली विथ बॉल एंड सॉकेट | 6625 नग | 10.12.24 |
| 14 | 09242463 | ब्रेक बीम फॉर कास्ट स्टील बोगी ऑफ बी एल सी वैगन | 596 नग | 16.12.24 |
| 15 | 07241537 | पी ओ एच किट फॉर की टाइप डिस्ट्रीब्यूटर वाल्व | 4328 सेट | 16.12.24 |
| 16 | 07241580 | ब्रेक हेड एस्ली (फैब्रिकेटेड) | 7632 नग | 23.12.24 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं. 67/2024–2025 दिनांक:– 30.10.2024 3379/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता/कार्य/लुधियाना उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु खुली ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | लुधियाना–जालंधर सिटी सेक्शन में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग (ईआई) आधारित स्वचालित सिग्नलिंग का प्रावधान और फिरोजपुर डिवीजन के जालंधर सिटी–ब्यास–गोइंदवाल साहिब और ब्यास–अमृतसर सेक्शन में डबल डिस्टेंट सिग्नल का प्रावधान। |
| कार्य की लागत | रुपये 34,03,01,163.59/– |
| धरोहर राशि | रुपये 18,51,500/– |
| समापन अवधि | 12 महीने |
| निविदा भरने की अंतिम तिथि | 11.00 Hrs. 26.11.2024. |

निविदाकर्ता निविदा बन्द होने की तिथि और समय तक **www.ireps.gov.in** पर मूल/संशोधित निविदा भर सकता है। केवल ऑनलाइन निविदाएं हीं स्वीकार की जाएंगी। शुद्धि पत्र या बदलाव, यदि हो तो इस वेब साईट पे ही डाला जाएगा। निविदाकर्ता **www.ireps.gov.in** पर रजिस्टर होने के बाद ही निविदा भर सकता है। **निविदा सं० : NR-SNT-W-LDH-81 दिनांक 29.10.2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3361/24



### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **फरीद उर्फ मुस्तान, पुत्रः शेख यारगव, पताः** ई–44/झुग्गी न्यू सीमापुरी, दिल्ली ने **FIR No. 253/2018, U/s 392/411 IPC** थानाः सीमापुरी, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फरीद उर्फ मुस्तान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **फरीद उर्फ मुस्तान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 253/2018, U/s 392/411 IPC** थानाः सीमापुरी, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **फरीद उर्फ मुस्तान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.11.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**ऐश्वर्या सिंह कश्यप, एलडी.**
**न्यायाधीश मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06**
**शाहदरा, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/14445/SHD/2024 (Court Matter)**



**उत्तर रेलवे**

ई-निविदा सूचना

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा-135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित करता है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | कर्मिस के सी–चेक और डी–चेक शेड्यूल सी–चेक और सी एंड डी चेक के लिए सशर्त सामग्री की अनिवार्यता के साथ अन्य संबंधित गतिविधियों के साथ उच्च क्षमता वाली पावर कारों के 500 केवीए डीजल इंजन बनाएं। | | |
| निविदा प्रकार | खुला | बोली प्रणाली | एकल पैकेट प्रणाली |
| निविदा विक्रय समापन तिथि | 22.11.2024 प्रातः 11.30 बजे। | निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय | 30.10.2024 |
| पूर्व-बोली आवश्यक है | नहीं | आज तक प्री-बिड क्वेरी | ना |
| विज्ञापन मूल्य | रु. 7,92,44,582.36 सभी कर जीएसटी आदि सहित। | निविदा अनुभाग | टेंडर एवं वर्क्स/इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप। |
| अग्रिम धन | रु. 5,46,200/- | ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| निविदा दस्तावेज़ लागत | Nil (अप्रैल 2022 के भाग-I खंड संख्या 3 के अनुसार) | समापन की अवधि | 24 महीने |
| बोली आरंभ तिथि | 08.11.2024 | बोली समाप्ति तिथि | 22.11.2024 प्रातः 11.30 बजे। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है। | | |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in पर जाएं | | |

सं.: 56-डब्ल्यू/इलेक्ट/24-25/टी/12/सी-चेक और डी-चेक 3371/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | |
|---|---|
| | एन आई टी : 90-2024-25-डब्ल्यू-4 |
| 1 | **काम का नाम (स्थान के साथ) : क्रमांक 90 :** टी-28 एम/सी का उपयोग करते हुए डीएलआई–बीटीआई सेक्शन पर ड्रेन-IV के सेक्शन में टर्नआउट स्लीपरों के साथ पॉइंट और क्रॉसिंग की टीटीआर। **कार्य की समान प्रकृतिः** सीटीआर/टीआरआर/टीएफआर/टीटीआर जिसमें ट्रैक को ऊपर उठाना, स्क्रीनिंग करना, ट्रैक की तनावमुक्त करना, ट्रैक रखरखाव मशीन जैसे टैंपिंग मशीन/बैलास्ट स्क्रीनिंग/रेगुलेटिंग मशीन और टी-28 द्वारा टीटीआर के लिए पूर्व और बाद के कार्य शामिल हैं। |
| 2 | **काम की अनुमानित लागत : क्रमांक 90 :** रु. 3,90,81,313.53 |
| 3 | **अग्रिम राशि (रुपये) :** (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (**नोटः-** रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा..।) **क्रमांक 90 :** रु. 3,45,400.00 |
| 4 | **काम की समाप्ति अवधि : क्रमांक 90 :** 6 महीने |
| 5 | **निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय :** 22.11.2024 को 15:00 बजे तक तथा 22.11.2024 को 15:00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6 | **वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा :** यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। |

सं.: 128-W/280/OET/2024-25/W-IV/90 दिनांक: 29.10.2024 3365/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

शुद्धिपत्र

संदर्भः i) निविदा सूचना क्रमांक 03/2024-2025 दिनांक 10.04.2024
ii) निविदा सूचना 15235293 07.01.2025 को देय है।

1. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, नियत तिथि 05.11.2024 से बढ़ाकर **07.01.2025** कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित हैं। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है।

3377/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी पुनीत तंवर पुत्रः** सुरेश पाल, **पताः** आरजेड–51 गली नंबर 6 सीतापुरी द्वारका, **दिल्ली FIR No: 415/20, U/s: 186/353/34 IPC, पुलिस थाना द्वारका उत्तरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पुनीत तंवर,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पुनीत तंवर,** फ़रार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **पुनीत तंवर, FIR No: 415/20, U/s: 186/353/34 IPC, पुलिस थाना द्वारका उत्तरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.12.2024** को या उससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
नीतिका कपूर
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–06
दक्षिण पश्चिम जिला कोर्ट नं. 514
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/14435/DW/2024 (Court Matter)



### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **उस्मान खान उर्फ रीनू पुत्र कमर हुसैन निवासी– 1850/39 त्रि नगर, जुड़बाग, दिल्ली. ने मुकदमा संख्या 244/2010, धारा 25/54/59 Arms Act, अन्तर्गत थाना कल्याणपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **उस्मान खान उर्फ रीनू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **उस्मान खान उर्फ रीनू** फरार हो गया है (या उक्त वारटं के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **मुकदमा संख्या 244/2010, धारा 25/54/59 Arms Act, अन्तर्गत थाना कल्याणपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **उस्मान खान उर्फ रीनू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.12.2024** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार,
सुश्री प्रीति अग्रवाल,
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट, (पूर्व),
कोर्ट नंबर 29,
कड़कड़डूमा, नई दिल्ली

DP/14380/ED/2024 (Court Matter)



### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुकेश गुप्ता पुत्र मिथन लाल निवासी– मकान नं. 24 D-14, सेक्टर–7 रोहिणी, दिल्ली. ने मुकदमा संख्या 259/16, धारा 498A/406 IPC, अन्तर्गत थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुकेश गुप्ता** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुकेश गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारटं के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **मुकदमा संख्या 259/16, धारा 498A/406 IPC, अन्तर्गत थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मुकेश गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.12 2024** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार,
सुश्री ऐश्वर्या शर्मा,
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी,
महिला न्यायालय संख्या 01, (उत्तर पश्चिम),
कक्ष संख्या 106, पहली मंजिल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/14207/RD/2024 (Court Matter)



**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना सं0:** JHS/Br/L/2024-25/17 **दिनांक:** 24.10.2024

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

उप मुख्य इन्जी/ब्रिज/लाइन/उत्तर मध्य रेलवे, झांसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 21.11.2024 को 15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

| | |
|---|---|
| **निविदा नं.:** Br-JHS-2024-20 | **अनुमानित मूल्य (रू):** ₹ 8468319.15 |
| **कार्यों का विवरणः** एक्सईएन/ब्रिज/लाइन/झाँसी के अंतर्गत नई लाइन केएलएआर-एमबीए के बीच प्रमुख प्लेट गर्डर ब्रिज संख्या 1245/1, 1250/3, 1253/2, 1256/1, 1259/1, 1263/1, 1264/1 पैदल यात्री मार्ग का प्रावधान। | |
| **बयाने की रकम (रू):** ₹ 1,69,400/- | **निविदा खुलने की तिथिः 21.11.2024** |
| **सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वाछनीय आधारः** फील्ड रिवेटिंग सहित स्टील गर्डर की मरम्मत या निर्माण/लॉचिंग से संबंधित कोई भी पुल कार्य या रनिंग ट्रैक के नीचे ओपन वेब गर्डर की रीगर्डरिंग। | **कार्य समापन की अवधिः** 12 महीने |

**नोटः-** (1) उपर्युक्त ई निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेब साइट पर **समय 15.00 बजे** तक निविदा खुलने की तिथि **दिनाक 21.11.2024** तक उपलब्ध है। (2) उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको IT Act 2000 अन्तर्गत C.C.A. द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (3) निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि सलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। (4) संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। (5) बयाने की राशि केवल नेट बैंकिंग अथवा गेट वे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। (6) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। (7) आनलाइन निविदा **दिनांक 21.11.2024 15:00 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। **1884/24(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

### महत्वपूर्ण सूचना

दिनांक 31.10.2024 (गुरुवार) को "दीपावली" के उपलक्ष्य में दिल्ली क्षेत्र के आरक्षण कार्यालय खोलने हेतु निम्नलिखित प्रबन्ध किये गये हैं:–

आंशिक सेवा :– (1) आई0आर0सी0ए0 भवन (2) दिल्ली जंक्शन व (3) हज़रत निज़ामुद्दीन आरक्षण कार्यालयों में सायंकालीन पारी में आंशिक सेवायें 18:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

सायंकालीन पारी (14:00 बजे से 20:00 बजे तक) में निम्न आरक्षण केन्द्र बन्द रहेंगे :– (1) सरोजनी नगर (2) लाजपत नगर (3) ओखला (4) कड़कड़डूमा (5) नोएडा (6) दिल्ली शाहदरा (7) गाजियाबाद (8) आदर्श नगर (9) सब्जी मण्डी (10) कीर्ति नगर (11) तुगलकाबाद (12) शकूरबस्ती (13) रोहिणी (14) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) एवं (15) अन्तर्राष्ट्रीय टूरिस्ट ब्यूरो (आई0टी0बी0)। तथापि प्रातः कालीन पारी (08:00 बजे से 14:00 बजे तक) में यथावत कार्यरत रहेंगे।

निम्नलिखित आरक्षण केन्द्र पूरे दिन बन्द रहेंगे :–
(1) संसद भवन (2) प्रेस क्लब ऑफ इण्डिया (3) रेलवे बोर्ड (4) सुप्रीम कोर्ट एवं (5) हाई कोर्ट

दिल्ली मंडल के निम्नलिखित आरक्षण कार्यालय **31.10.2024** (गुरुवार) को सायंकालीन पारी में बन्द रहेंगे : आनंद विहार टर्मिनल (पीआरएस), साहिबाबाद, नया गाज़ियाबाद, गुड़गांव, पालम, दिल्ली कैंट, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद, बल्लभगढ़, पलवल, नरेला, सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, कैथल, जींद, मानसा, रोहतक, बहादुर गढ़, नांगलोई, शामली, मुरादनगर, मोदीनगर, मेरठ कैंट, मेरठ सिटी, मुज़फ़्फ़रनगर, खतौली, देवबन्द, बड़ौत, गोहाना, पटौदी रोड, ग्रेटर नोएडा, नोली, साकेत कोर्ट, द्वारका कोर्ट, केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (सीएटी), शकूर बस्ती, समालखा, गन्नौर, शाहाबाद मारकंडा, टोहाना, जुलाना, नरवाना एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (एमटीसी)।

नई दिल्ली (पहाड़गंज और अजमेरी गेट की तरफ), दिल्ली जं., हज़रत निज़ामुद्दीन, आनंद विहार एवं दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशनों पर वर्तमान आरक्षण कार्यालय हर रोज की तरह सामान्य समयानुसार कार्य करेंगे।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें :-

3364/2024
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राइवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041


## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# भारतीय योग संस्थान का योग द्वारा निशुल्क रोग निवारण शिविर संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : भारतीय योग** संस्थान पंजीकृत की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के अर्जुन योग जिला द्वारा शहीद भगत सिंह पार्क, मोहन नगर में संचालित सात दिवसीय योग द्वारा निशुल्क रोग निवारण शिविर भलीभांति संपन्न हो गया। शिविर के अंतिम दिन योग शिक्षक प्रेम लता, एम एस मलिक, अर्जुन योग जिला प्रधान मनीराम सैनी व युधिष्ठिर योग जिला प्रधान सुमन तोमर ने यौगिक सूक्ष्म क्रियाओं, ओम ध्वनि व गायत्री मंत्र उच्चारण के पश्चात उपस्थित साधक साधिकाओं को सुरुचिपूर्ण योगाभ्यास करवाया ।



एक साधिका ने सभी को हंसी की सुंदर क्रिया करवाई । प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने एक योगी की दिनचर्या एवं भोजन पर वार्ता प्रस्तुत की । संस्थान की हरियाणा प्रान्त इकाई के प्रधान ओम प्रकाश ने प्राणायाम व ध्यान साधना का सुन्दर अभ्यास करवाया । उन्होंने साधकों को प्रतिदिन नियमित रूप से योग साधना करने के लाभ बताते हुए सभी को आगामी पंच महापर्व की बधाई और शुभ कामनायें दी । उपस्थित सभी साधक साधिकाओं ने प्रण

**योगाभ्यास**

**ओम ध्वनि व गायत्री मंत्र उच्चारण के पश्चात साधक साधिकाओं को सुरुचिपूर्ण योगाभ्यास करवाया**

लिया कि वे भविष्य में प्रतिदिन नियमित योग कक्षा में आया करेंगे । साधक साधिकाओं के अनुरोध पर गुलशन ग्रोवर ने बताया कि भविष्य में आगामी सूचना तक इस योग कक्षा का समय सायं 4:00 से 5:00 बजे तक रहेगा क्योंकि इस कक्षा में अधिकतर महिलाएं हैं और अब सर्दियों में 5:00 बजे के बाद जल्द अंधेरा हो जाया करेगा । कोई भी साधक साधिका इस निशुल्क योग साधना केंद्र पर पधार कर इसका लाभ उठा सकता है ।

शिविर में प्रतिदिन 40 से अधिक साधक साधिकाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई ।समाजसेवी नितिन बठला ने बताया कि शहीद भगत सिंह पार्क के हाल में शुक्रवार, 1 नवंबर को सायं 3:00 से 4:00 बजे तक 5 से 12 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए एक रंगोली बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा ।ओम ध्वनि, वैदिक प्रार्थना व शांति पाठ के साथ शिविर का विधिवत सुंदर समापन हुआ।

## श्री दक्षिण मुखी प्राचीन हनुमान मंदिर में धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्री दक्षिण** मुखी प्राचीन हनुमान मंदिर में संरक्षक प्रेम कुमार शर्मा के सानिध्य में धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर भक्तों की बड़ी संख्या ने भाग लिया और मंदिर परिसर को भक्तिमय वातावरण से भर दिया। हनुमान जन्मोत्सव के तहत विशेष आयोजन के रूप में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने एकजुट होकर भगवान हनुमान की स्तुति की। भक्तों ने भक्ति भाव से सुंदरकांड का पाठ किया, जिससे वातावरण में एक विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ।पाठ के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी डॉ हिमांशु शर्मा ने



सभी भक्तों का धन्यवाद किया और इस अवसर पर सभी को आशीर्वाद देने के लिए विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया, जिससे सभी भक्तों में प्रसन्नता का भाव देखने को मिला। इस उत्सव ने सभी उपस्थित भक्तों के दिलों में भगवान हनुमान के प्रति श्रद्धा और भक्ति को और भी बढ़ाया। मंदिर समिति ने आगामी आयोजनों के लिए सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया और सबको पुनः आमंत्रित किया। इस अवसर पर मुख्य तौर पर शैलेश वत्स, मन्नत, सारांश, माणिक शर्मा, लाल चंद व बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थिति रहे।

## न्यूज फ्लैश

### नरेंद्र सिंह बने कनीना शाखा के प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़। हरियाणा गवर्नमेंट** पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कस यूनियन मुख्यालय चरखी दादरी संबंधित सर्व कर्मचारी संघ शाखा कनीना का त्रि:वार्षिक चुनाव शहर के चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में संपन्न हुआ। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में जिला चेयरमैन कौशल यादव, जिला प्रधान सुनील यादव, जिला सचिव विजेंद्र शर्मा तथा जिला कैशियर नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। इस दौरान जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग शाखा कनीना से ब्रांच प्रधान नरेंद्र सिंह को चुना गया तथा ब्रांच सचिव नवीन कुमार, कोषाध्यक्ष सूबे सिंह, उपप्रधान सतीश कुमार मुंडिया खेड़ा, ऑडिटर प्रदीप कुमार, प्रचार सचिव सचिन रंगा, सहसचिव पूर्ण सिंह तथा संगठन सचिव के रूप में दीपक कुमार को चुना गया।

### दीपावली व अन्य त्योहारों को लेकर अलर्ट-डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: उपायुक्त पार्थ** गुप्ता ने कहा कि दीपावली व अन्य त्योहारों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य, फुड सेफ्टी, पुलिस व अन्य सम्बधिंत विभागों को अलर्ट मोड में रहना होगा। इन त्योहारों में किसी भी आकस्मिक घटना के दौरान नागरिकों को सुरक्षा व्यवस्था मुहैया करवाई जा सकें। इसके साथ ही फूड एंड सेफ्टी विभाग, दमकल विभाग व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने फूड एंड सेफ्टी अधिकारी को निर्देश दिए है कि दीपावली पर्व व अन्य आगामी पर्व को ध्यान में रखते हुए मिष्ठान व अन्य स्थानों का दौरा करें, वहां पर मिठाई के साथ-साथ अन्य जो खादय पदार्थ बनाएं गए है उनकी गुणवत्ता की जांच करे ताकि किसी के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड ना हो सके। उन्होंने सभी मिठाई विक्रेताओं को कहा कि वे मिठाईयों के साथ-साथ जो अन्य खादय पदार्थ चैक करते हुए उसे पूरी गुणवत्ता के साथ बनाएं यदि कहीं पर कोई लापरवाही दिखाई दी तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके साथ-साथ दमकल विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे भी अपने अमले को सजग रहने के निर्देश जारी करे।

## रन फॉर यूनिटी राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियां पूरी: राजेश जोगपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : उपायुक्त राजेश जोगपाल** ने कहा कि वीरवार को स्थानीय द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित होने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई है ।उपायुक्त राजेश जोगपाल बुधवार को स्थानीय द्रोणाचार्य स्टेडियम में राज्य स्तरीय समारोह से सम्बन्धित तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 31 अक्टूबर को सुबह 7 बजे से लेकर 8 बजे तक द्रोणाचार्य स्टेडियम के प्रांगण में किया जा रहा है। इस रन फॉर यूनिटी के हर लम्हें को स्मरणीय बनाने के लिए स्वयं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहुंच रहे है।



## श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल में दीपावली का त्योहार धूमधाम से मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : श्री महावीर जैन** पब्लिक स्कूल में उत्साह पूर्वक दीपावली का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित करके राम स्तुति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं के लिए निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया कक्षा प्री नर्सरी से तीसरी तक विद्यार्थियों के लिए दिया डेकोरेशन कक्षा चौथी से पांचवी तक कैंडल डेकोरेशन कक्षा छठी से आठवीं तक वंदनवार मेकिंग कक्षा 9वी से दसवीं तक झुमंर और कक्षा 11वीं से 12वीं के लिए रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। बच्चों ने बड़े ही आकर्षक व मनमोहक रंगों से हस्तशिल्प का उत्तम प्रदर्शन किया और सभी के मन को मोह लिया। बच्चों ने कविता भजन के माध्यम से



भगवान श्री राम के नारे लगाए जिससे कि पूरा वातावरण भक्ति व आनंद से झूम उठा। बच्चों ने अपने भाषण के माध्यम से दीपावली 5 दिनों का पर्व है उसकी व्याख्या करते हुए उसके महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्या श्रीमती मंजुला गोयल ने बच्चों की कला और अभिनय की भूरी भूरी प्रशंसा की और सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की अपील करते हुए इको फ्रेंडली दीपावली मनाने को कहा कि यदि हमें अपने जीवन को स्वस्थ बनाए रखना है तो हमें यह शुरूआत अपने घर से ही करनी होगी और कहा कि हमें इसके लिए पटाखों के बिना दीपावली मनानी चाहिए । विद्यालय की उप प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा शर्मा ने सभी प्रतिभागी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी अभिभावकों, शिक्षकों व विद्यालय के अन्य कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

## डॉ. ममता को फुल्ली जागर राम जागड़ा स्मृति साहित्य-रत्न सम्मान से किया सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : हिन्दी साहित्य** प्रेरक संस्था जींद द्वारा आयोजित साहित्यकार अंकरण एवं पुस्तक विमोचन समारोह में डॉ. ममता सूद को फुल्ली जागर राम जागड़ा स्मृति साहित्य-रत्न सम्मान ह्वसे उनके श्रेष्ठ साहित्य लेखन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी (हरियाणा हिंदी संस्कृति अकादमी के हिंदी प्रकोष्ठ के निदेशक ) से कार्यक्रम के पश्चात सार्थक वातालापि हुई ।उस समय डॉ.चितरंजन दयाल सिंह कौशल जी (हरियाणा हिंदी संस्कृति अकादमी के संस्कृत प्रकोष्ठ के निदेशक) भी उपस्थित थे। डॉक्टर धर्म देव शास्त्री जी को ममता सूद ने अपने काव्य-संग्रह भेंट स्वरूप दिये । उन्होंने भारतीय सेवा का प्रतीक चिन्ह ममता सूद को भेंट स्वरूप दिया।

## भारतीय संस्कृति के श्रेष्ठतम कर्म यज्ञ का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा: ( कुलदीप सिंह)**
**भारतीय शिक्षा** संस्थान समालखा में दीपावली पर्व की पूर्व सन्ध्या पर भारतीय संस्कृति के श्रेष्ठतम कर्म यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के सभी अध्येता एवं अध्यापक वृंद ने भाग लिया तथा कार्यकारिणी की ओर से प्रधान रवि प्रकाश आर्य उपस्थित हुए। यज्ञोपरान्त प्राचार्य सुरेश कुमार शास्त्री ने पर्व की महत्ता एवं उपयोगिता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्व का अर्थ है जोड जिस प्रकार हमारे शरीर में जितनी उपयोगिता जोडों की है उतनी ही



उपयोगिता हमारे जीवन में पर्वों की है उन्होंने कहा कि जिस प्रकार यह प्रकाश का पर्व है उसी प्रकार विद्याथीयों के जीवन में भी ज्ञान रुपी ज्योति के द्वारा प्रकाश हो। इसके साथ ही बिजेन्द्र शास्त्री ने भी विद्यार्थियों को पर्व एवं यज्ञ की महत्ता को बताया और विद्यार्थी अपने जीवन को किस प्रकार प्रकाश एवं उन्नति की ओर ले जाए इस पर भी विचार व्यक्त किया और आधुनिक युग के दौर में मोबाईल के सदुपयोग एवं दुरुपयोग के विषय में भी बताया।अन्य अध्यापक एवं अध्यापिकाओं वर्षा शास्त्री, दुर्गेश शास्त्री,रमन भरोसा ने भी विद्यार्थियों को पर्व की उपयोगिता को बताकर दीपावली की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही कार्यकारिणी प्रधान रवि प्रकाश आर्य ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की एवं विद्यार्थियों को आशीर्वाद देकर दीपावली की शुभकामनाओं के साथ यज्ञ का समापन किया।

## पुत्र मोह में हरियाणा कांग्रेस का बंटाधार हो गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र: किसान कांग्रेस के** जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस को सत्ता से दूर रहने का एक ही कारण पुत्र मोह है। हाईकमान ने भी ऐसा ना सोचा होगा कि एक ही नेता के कारण कांग्रेस को सता से हाथ धोना पड़ेगा, जबकि इस नेता के कारण कांग्रेस लगातार हारती रही है और अब भाजपा ने तीसरी बार सरकार बना कर बाजी मारी। हरियाणा की जानता ने पूर जोर से चुनाव में धन, मन और तन से कांग्रेस प्रत्याशियों का साथ दिया लेकिन सब कुछ होने के बाद पार्टी सरकार बनाने में सफल ना रही। अब भी हाईकमान ने कोई सुधार ना किया या नेता प्रतिपक्ष जनता के अनुरूप ना दिया या प्रदेश अध्यक्ष भी सर्वप्रिय ना दिया, प्रदेश में संगठन ना बनाया गया तो कांग्रेस एक बार फिर से 1977 वाली दशा में पहुंच जाएगी। बवेजा ने कहा कि आज नेता प्रतिपक्ष के लिए अशोक अरोड़ा और प्रदेश अध्यक्ष के लिए चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला जैसे अनुभवी और सर्व जनप्रिय नेताओं की जरूरत है। एक सजग और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता होने के कारण मेरा सुझाव है। मैं भी पिछले 40 वर्षों से एक कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहा हूँ। मैंने अपने हित छोड़ कर पार्टी हित में काम किया है। जनप्रतिनिधि रहा हूँ व सामाजिक धार्मिक संस्थाओं से जुड़ा हुआ हूँ। लेकिन मेरे लिये पार्टी हित सर्वप्रिय है। मैं नहीं चाहता कि मेरे जैसे अनेकों कार्यकताओं का मनोबल गिरे और पार्टी का नुकसान हो।

## वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर रन फॉर यूनिटी का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :आज राजकीय** आदर्श संस्कृति वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय कुरूक्षेत्र की एनसीसी विंग द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयन्ती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के अवसर पर विधालय से दौड का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के दौरान एनसीसी अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि यह आयोजन हम सबको अपने देश की विविधताओं में एकता का महत्व समझाता है और हमें एकजुट




होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। सरदार पटेल ने जिस संकल्प और साहस के साथ राष्ट्र को एकजुट किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। उन्होने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर ह्यह्यरन फॉर यूनिटी का आयोजन हमें भारत की एकता और अखंडता की महत्वपूर्ण सीख देता है। 10 हरियाणा बटालियन से हवलदार गुरप्रीत सिंह व हवलदार ब्रिज पाल सिंह उपस्थित रहे।

## हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं...पर झूमे श्यामप्रेमी

**समस्त श्यामप्रेमी परिवार द्वारा 534वां ताली संकीर्तन आयोजित**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र- समस्त श्यामप्रेमी** परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा सलारपुर रोड़ स्तिथ श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में 534वां श्री श्याम ताली संकीर्तन आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि श्याम प्रभु केवल भाव के भूखे हैं जो भी श्यामप्रेमी बाबा को भजन सुनाता है,उसके सभी दुख श्याम जी दूर करते हैं। कार्यक्रम में सभी श्यामप्रेमियों ने पूजन में हिस्सा लिया। समस्त श्यामप्रेमी परिवार द्वारा खाटू श्याम जी के प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्येक



ताली कीर्तन किया जाता है। साथ ही महिला ताली कीर्तन भी करवाए जाते हैं और महीने में दो दिवसीय श्री खाटू धाम यात्रा राजस्थान जाती है। जिन भक्तों को अपने निवास स्थान,व्यापारिक प्रतिष्ठान एंव संस्थानों में श्याम जी का संकीर्तन करवाना हो, वे संपर्क कर सकते हैं। ये संकीर्तन पूर्णतः निःशुल्क होंगे। संकीर्तन में गायक गौरव शान ने भजन गाकर भक्तों को झुमाया। हारे का तू है सहारा सांवरे..., भक्तों के घर भी सांवरे आते रहा करो...., खाटू की गलियों में गूंज रहा जयकारा..., हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं... और तेरा राम जी करेंगे बेड़ा पार....इत्यादि भजनों पर ताली बजाते हुए श्याम प्रेमियों ने कीर्तन किया। भजनों के पश्चात श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। खाटू श्याम जी की आरती में मंदिर संचालक पण्डित महेश भारद्वाज,पुजारी कुलदीप शर्मा, शिवम अरोड़ा,मनोज गुप्ता,मोहित तायल,योगेंद्र अग्रवाल,शुभम,गौरव गुप्ता,हरगंगा देवी,कविता गोयल,काजल और अपूर्वा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

## कर्मचारी शैक्षणिक संस्थान की मजबूत नींव : प्रोफेसर सोमनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कर्मचारी शैक्षणिक संस्थान की मजबूत नींव का काम करते हैं जोकि संस्थान के उत्थान एवं विकास के लिए अपना उत्कृष्ट योगदान देते हैं। उनके इस अमूल्य योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने यह विचार बुधवार को केयू से सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों के लिए आयोजित विदाई समारोह में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इस मौके पर कुवि कुलपति प्रोफेसर




सोमनाथ सचदेवा व कुवि कुलसचिव प्रोफेसर संजीव शर्मा ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों के अनुभव विश्वविद्यालय के काम आएंगे तथा उनके हितों के लिए केयू सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण रखेगा। उन्होंने सेवानिवृत्त होने वाले सभी शिक्षकों व कर्मचारियों से संवाद कर उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने भी सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों व कर्मचारियों के उत्कृष्ट कार्य व सेवा भाव से कार्य करने की प्रशंसा की व उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों व कर्मचारियों ने अपने सेवा कार्यों के बारे में विचार एवं अनुभव साझा किए व इस विदाई पार्टी के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार प्रकट किया। सेवानिवृत्त होने वालों में गणित विभाग के सीनियर प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार वशिष्ठ, इलेक्ट्रानिक्स साइंस के सीनियर प्रोफेसर डॉ. दिनेश कुमार, स्कालरशिप सेक्शन के सहायक सुखबीर सिंह, सामान्य शाखा के सहायक इस्सम सिंह, दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के सहायक सोमनाथ व शारीरिक शिक्षा विभाग से लैब अटैंडेंट सुषमा रानी शामिल है। इस मौके पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, कुटा प्रधान प्रो. दलीप कुमार, प्रो. मंजूला चौधरी, प्रो. सुरेश कुमार, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. उषा रानी, प्रो. मुकेश कुमार, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, उप-निदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा, डॉ. जितेन्द्र जांगड़ा, कुंटिया प्रधान राजवंत कौर, महासचिव रविन्द्र तोमर, अजमेर सिंह, मुनीष खुराना, जगदीश खनौदा, मनीष बालदा सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिवारजन मौजूद रहे।

## पराली प्रबंधन कर बनाए भूमि को उपजाऊ: कृषि मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र : कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम** सिंह राणा ने कहा कि प्रदूषण को रोकने के लिए हमे मिलजुल कर प्रयास करने होंगे। माननीय सुप्रीम कोर्ट भी इस मामले को लेकर बहुत गंभीर है। इसलिए किसान भाई भी इस मामले की गंभीरता को समझें व पराली को खेत में ही मिलाएं। कृषि मंत्री ने पराली का खेतों में कैसे प्रबंधन किया जाए इसके लिए स्वयं सुपर सीडर से एक एकड़ खेत में गेहूं की बिजाई की तथा किसानों से भी इसी प्रकार पराली प्रबंधन का आह्वान किया। कृषि मंत्री बुधवार को कृषि विभाग द्वारा आयोजित गांव बन में पराली प्रबंधन पर प्रदर्शन प्लॉट कार्यक्रम के दौरान किसानों को संबोधित कर रहे थे। कृषि मंत्री ने कहा कि पराली को खेतों में ही मिलाने से जहां खेत उपजाऊ होगा, वहीं भूमि की शक्ति भी बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि डाकर वाले खेतों में जितनी पराली को मिलाया जाएगा उतना ही भूमि में पानी को सोखने की क्षमता बढ़ेगी।

जितना खेतों में पराली के फाने दबाएं जाएंगे।

**उत्तर रेलवे**
**खुली निविदा सूचना**
पत्र सं. -128-डब्ल्यू/व.मं.अधि./सं./निविदा 20-24-25-डब्ल्यूसी दिनांक :30.10.2024
भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्वय, मन्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e-निविदाए आमन्त्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | दिल्ली डिवीजन के विभिन्न एसएसईवे के अधिकार क्षेत्र में ट्रैक पी/आधारित गेज फेस रेल ल्युब्रिकेटर (समूह 'बी' रूट) की आपूर्ति, स्थापना, कमीशनिंग और संचालन 5 वर्षों के लिए | रु. 6,96,99,916.80 | रु. 4,98,500/- | 60 माह | 29.11.2024 |

सूचना : निविदा रेलवे की वेबसाइट 'www.ireps.gov.in' पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 29.11.2024, 15:00 बजे तक ही भरी जायेगी।
3380/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# महालक्ष्मी नमोस्तुते!

**गिरीश्वर मिश्र**

**इस क्षण** भंगुर संसार में उन्नति और अभिवृद्धि सभी को प्रिय है। यह बात भी बहुत हद तक सही है कि इसका सीधा रिश्ता वित्तीय अवस्था से होता है। पर्याप्त आर्थिक संसाधन के बिना किसी को इच्छित सिद्धि नहीं मिल सकती। लोक की रीति को ध्यान में रखते कभी भर्तृहरि ने अपने नीति शतक में कहा था कि सभी गुण कंचन अर्थात धन में ही समाए हुए हैं। धनी व्यक्ति की ही पूछ होती है, वही कुलीन और सुंदर कहा जाता है, वही वक्ता और गुणवान होता है, उसी की विद्वान के रूप में प्रतिष्ठा मिलती है। इसलिए जीवन में सभी इसी का उद्यम करते रहते हैं कि आर्थिक समृद्धि निरंतर बढ़ती रहे। दीपावली का त्योहार अब सम्पत्ति और वैभव का उत्सव होता जा रहा है। वह अपनी सांस्कृतिक यात्रा में पौराणिक अतीत से आगे बढ़ कर धन-सम्पदा के समारोह में तब्दील होता गया है। कृषि जीवन, ऋतु-परिवर्तन और मयार्दा पुरुषोत्तम राम के स्वागत से अलग छिटकते उत्सव वैभव के प्रतीकों से जुड़ते जा रहे हैं। लक्ष्मी-गणेश की शुभ मुहूर्त में पूजा और घर में दीप जलाने के आयोजन के साथ कई अर्थहीन मिथक भी जुड़ गए हैं। उदाहरण के लिए इस दिन जुआ खेलना बहुतों का एक अनिवार्य अभ्यास हो चुका है। आज का मनुष्य अधिकाधिक लक्ष्मीप्रिय होता जा रहा है। अब उसे सिर्फ धन-संपदा से मतलब है, वह चाहे किसी भी तरह क्यों न प्राप्त हो। यह मान कर कि अंतिम परिणाम ही महत्व का होता है, लोगों के मन में अब सिर्फ साध्य की ही चिंता बनी रहती है। साध्य या लक्ष्य को पाने के साधन या उपाय की चिंता कोई मायने नहीं रखती है। आज कि स्म-कि स्म के झूठ-फरेब के जरिए कमाई के उपाय अजमाने से कोई नहीं हिचकता। नीट, कैट तथा नेट आदि प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक के रैकेट शार्टकट से लक्ष्य पाने की युक्ति की ही भ्रष्टाचार-गाथा कहते हैं। धर्म के विचार से आगे बढ़ते हुए आदमी सभी चीजों से निरपेक्ष होता जा रहा है। अब वित्त की अपरिमित चाहत के आगे धर्म-अधर्म, पाप-पुण्य और उचित-अनुचित के सरोकार अप्रासंगिक इसलिए बेमतलब होते जा रहे हैं। लोक प्रसिद्धि है कि ह्यकनकह्न (स्वर्ण) पाने भर से आदमी मदमत्त हो उठता है, होशो-हवास खोने लगता है, उसका विवेक मर जाता है और फिर वह अपनी मजी से कुछ भी करने पर उतारू हो उठता है। वैभवशाली युवा आए दिन अपने नए निराले व्यसनों से अखबारों की सुर्खियाँ बनाते हैं। धनाढ्य युवा फरार्टे से बड़ी बड़ी मोटर गाड़ी चलाते लोगों को कुचल देते हैं। कोई उनकी बात न सुने तो मारपीट पर उतर जाते हैं और बिना सोचे सामने वाले को गोली मार देने तक में नहीं हिचकिचाते। द्वंद्वों से परे होती जा रही है धन की लालसा और वैभव का अहंकार। मौजूदा दौर में भौतिक सम्पदा पाने की बेइंतहा लालसा तेजी से बढ़ रही है। इसके लिए व्यग्र बेचैन लोग कुछ भी करने पर उतारू रहते हैं। उन्हें इसकी तनिक भी फि क्र नहीं होती कि उन्हीं जैसे और लोगों को, उस समुदाय को जिसके वे सदस्य हैं या फिर वह समाज जो उनको जीने के साधन और अवसर मुहैया करा रहा है, सबको, उनके निजी अनियंत्रित आचरण का कितना बेधक खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। कहना न होगा कि यह समाजद्रोही आत्मरति व्यापक तौर पर जीवनद्रोही और हिंसक हो कर मनुष्यता के लिए गंभीर खतरा बनती जा रही है। लोग अपने पास-पड़ोस की धन-सम्पत्ति पर कब्जा जमाने की प्रवृत्ति के साथ चोरी, बेईमानी, धोखाधड़ी और उपद्रव आदि से कोई परहेज नहीं करते।

# भारत के लौह पुरुष थे सरदार पटेल



**रमेश सर्राफ धमोरा**

> "अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण किया। विश्व के इतिहास में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। देशी रियासतों का विलय स्वतंत्र भारत की पहली उपलब्धि थी और निर्विवाद रूप से पटेल का इसमें विशेष योगदान था। नीतिगत दृढ़ता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार और लौह पुरुष की उपाधि दी थी। वल्लभ भाई पटेल ने आजाद भारत को एक विशाल राष्ट्र बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। जूनागढ़ के नवाब के विरुद्ध जब वहां की प्रजा ने विरोध कर दिया तो वह भागकर पाकिस्तान चला गया और इस प्रकार जूनागढ भी भारत में मिला लिया गया"

**सरदार** वल्लभभाई पटेल को भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है। महात्मा गांधी ने वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि दी थी। उन्हें भारत के बिस्मार्क के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि उन्होंने भारत को एकजुट करने में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी। स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सूचना प्रसारण मंत्री रहे। पटेल ने भारतीय संघ में उन रियासतों का विलय किया जो स्वयं में सम्प्रभुता प्राप्त थीं। उनका अलग झंडा और अलग शासक था। सरदार पटेल ने आजादी के पूर्व ही देशी राज्यों को भारत में मिलाने के लिये कार्य आरम्भ कर दिया था। सरदार पटेल के प्रयास से 15 अगस्त 1947 तक हैदराबाद, कश्मीर और जूनागढ़ को छोडकर शेष भारतीय रियासतें भारत संघ में सम्मिलित हो चुकी थी। देश के वो पहले गृहमंत्री गृहमंत्री थे जिन्होंने भारतीय नागरिक सेवाओं (आई.सी.एस.) का भारतीयकरण कर इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवाएं (आई.ए.एस.) बनाया। अंग्रेजों की सेवा करने वालों में विश्वास भरकर उन्हें राजभक्ति से देशभक्ति की ओर मोड़ा। यदि सरदार पटेल कुछ वर्ष और जीवित रहते तो संभवतः नौकरशाही का पूर्ण कायाकल्प हो जाता। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता, राजनीति सत्ता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे उनका महत्वपूर्ण योगदान था। सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 में गुजरात के नाडियाड में लेवा पट्टीदार जाति के एक जमींदार परिवार में हुआ था। वे अपने पिता झवेरभाई पटेल एवं माता लाड़बाई की चौथी संतान थे। सरदार पटेल ने करमसद में प्राथमिक विद्यालय और पेटलाद स्थित उच्च विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की थी। लेकिन उन्होंने अधिकांश ज्ञान स्वाध्याय से ही अर्जित किया। 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह हो गया। 22 साल की उम्र में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की और जिला अधिवक्ता की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। जिससे उन्हें वकालत करने की अनुमति मिली। सरदार पटेल के पांच भाई व एक बहन थी। 1908 में पटेल की पत्नी की मृत्यु हो गई। उस समय उनके एक पुत्र और एक पुत्री थी। इसके बाद उन्होंने विधुर जीवन व्यतीत किया।



वकालत के पेशे में तरक्की करने के लिए कृतसंकल्प पटेल ने अध्ययन के लिए अगस्त 1910 में लंदन की यात्रा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार पटेल के स्मारक का उद्घाटन किया था। इसका नाम एकता की मूर्ति (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) रखा गया है। यह मूर्ति स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी से दुगनी ऊंचाई 182 मीटर ऊंची बनाई गयी है। इस प्रतिमा को केवडिया के निकट साधुबेट नामक एक छोटे चट्टानी द्वीप में सरदार सरोवर बांध के सामने नर्मदा नदी के मध्य में स्थापित किया गया है। सरदार वल्लभ भाई पटेल की यह प्रतिमा दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। सरदार पटेल की इस प्रतिमा को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनका व्यक्तित्व कितना विशाल था।

सरदार यानि नेतृत्व करने का गुण तो उनमें जन्मजात था ही। संघर्षो में तपकर उनका मनोबल लौहे की तरह दृढ़ हो गया था। अपनी इसी इच्छा शक्ति व दृढ़ मनोबल के दम पर उन्होने देश की आजादी के बाद एक भारत बनाने का ऐसा मुश्किल काम कर दिखाया जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। भारत के राजनीतिक इतिहास में सरदार पटेल के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। देश की आजादी के संघर्ष में उन्होने जितना योगदान दिया उससे ज्यादा योगदान उन्होने स्वतंत्र भारत को एक करने में दिया। पटेल राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी व नये भारत के निमार्ता थे। देश के विकास में सरदार वल्लभभाई पटेल के महत्व को सैदव याद रखा जायेगा। सरदार पटेल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के तीन बार उम्मीदवार बने मगर तीनो ही बार महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप कर पण्डित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेस का अध्यक्ष बनवा दिया था। 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान पटेल को तीन महीने की जेल हुई। मार्च 1931 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के करांची अधिवेशन की अध्यक्षता की। जनवरी 1932 में उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया गया। जुलाई 1934 में वह रिहा हुए और 1937 के चुनावों में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संगठन को व्यवस्थित किया। अक्टूबर 1940 में कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ पटेल भी गिरफ्तार हुए और अगस्त 1941 में रिहा हुए। 1945-1946 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए सरदार पटेल प्रमुख उम्मीदवार थे। लेकिन महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप करके जवाहरलाल नेहरू को अध्यक्ष बनवा दिया। कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नेहरू को ब्रिटिश वाइसरॉय ने अंतरिम सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। इस प्रकार यदि घटनाक्रम सामान्य रहता तो सरदार पटेल भारत के पहले प्रधानमंत्री होते। सरदार पटेल को भारत का लौह पुरुष कहा जाता है। गृहमंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों के विलय की जिम्मेदारी उनको ही सौंपी गई थी।

उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए 562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण किया। विश्व के इतिहास में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो। देशी रियासतों का विलय स्वतंत्र भारत की पहली उपलब्धि थी और निर्विवाद रूप से पटेल का इसमें विशेष योगदान था। नीतिगत दृढ़ता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार और लौह पुरुष की उपाधि दी थी। वल्लभ भाई पटेल ने आजाद भारत को एक विशाल राष्ट्र बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। जूनागढ़ के नवाब के विरुद्ध जब वहां की प्रजा ने विरोध कर दिया तो वह भागकर पाकिस्तान चला गया और इस प्रकार जूनागढ भी भारत में मिला लिया गया। जब हैदराबाद के निजाम ने भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो सरदार पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण करा लिया। निःसंदेह सरदार पटेल द्वारा 562 रियासतों का एकीकरण विश्व इतिहास का एक आश्चर्य था। भारत की यह रक्तहीन क्रांति थी। लक्षद्वीप समूह को भारत में मिलाने में भी पटेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। इस क्षेत्र के लोग देश की मुख्यधारा से कटे हुए थे और उन्हें भारत की आजादी की जानकारी 15 अगस्त 1947 के कई दिनों बाद मिली। हालांकि यह क्षेत्र पाकिस्तान के नजदीक नहीं था लेकिन पटेल को लगता था कि इस पर पाकिस्तान दावा कर सकता है। इसलिए ऐसी किसी भी स्थिति को टालने के लिए पटेल ने लक्षद्वीप में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए भारतीय नौसेना का एक जहाज भेजा। इसके कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तानी नौसेना के जहाज लक्षद्वीप के पास मंडराते देखे गए। लेकिन वहां भारत का झंडा लहराते देख उन्हें वापस लौटना पड़ा। जब चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखा कि वे तिब्बत को चीन का अंग मान लें तो पटेल ने नेहरू से आग्रह किया कि वे तिब्बत पर चीन का प्रभुत्व कतई न स्वीकारें अन्यथा चीन भारत के लिए खतरनाक सिद्ध होगा। जवाहरलाल नेहरू नहीं माने बस इसी भूल के कारण हमें चीन से पिटना पड़ा और चीन ने हमारी सीमा की भूमि पर कब्जा कर लिया। सरदार पटेल के ऐतिहासिक कार्यों में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निमाण, गांधी स्मारक निधि की स्थापना, कमला नेहरू अस्पताल की रूपरेखा आदि कार्य शामिल हैं। सरदार पटेल का निधन 15 दिसम्बर 1950 को मुम्बई में हुआ था। सरदार पटेल को उनकी मृत्यु के 41 साल बाद 1991 में मरणोपरांत भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया जो उन्हे बहुत पहले मिलना चाहिये था। वर्ष 2014 में केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती (31 अक्टूबर) को देश भर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाना शुरू कर उनको सम्मनित किया है।

## कविता

एक दिया इधर भी।
एक दिया छत की मुंडेर पर जला आना,
जहां साया होता है गहन तमस का।

एक दिया उस बूढ़ी मां के कमरे के आले पर
जला आना,
जहां बेटे,बहू ,नाती,नातीने जाने से कतराते हों।

एक दिया गांव के उस आंगन पर जला आना,
जहां से जाने के बाद बेटा माँ-बाप की मौत पर
भी लौटकर न आया हो।

एक दिया उन खेतों पर जला आना
जहां किसानों ने पसीना बहा अन्न पैदा किया
और देश को खुशहाल बनाया ।

एक दिया उस चौखट पर जला आना,
जहां की विधवा मां का एकमात्र लाडला सीमा
पर देश के नाम शहीद हो गया हो।

एक दीया उस घर में भी जला आना,
जिस घर की नर्स मां
नन्हे बच्चों को छोड़ कॅरोना के मरीजों की
सेवा में काल कवलित हो गई हो।

एक दीप विपन्न कुम्हारों की बस्ती में
जला आना,
जहां कुम्हारों के अथक परिश्रम और स्वेद के
कणों से
पवित्र माटी के दीपों को

**संजीव**

## साहित्यकारों के लिए वरदान साबित होगा 'लेखक गांव'

**सुनील कुमार महला**

**यदि** आप कवि हैं, साहित्यकार हैं, लेखक हैं और यदि आप लिखने का शौक रखते हैं तो आपको देवभूमि उत्तराखंड के 'लेखक गांव ' की विजिट करनी चाहिए, क्यों कि यह हमारे देश का एक ऐसा अनूठा और संभवतया देश का प्रथम गांव है, जहां किसी भी लेखक को लिखने के लिए शांत माहौल/वातावरण के साथ-साथ सभी आधुनिक सुविधाएं भी मिलेंगी। लेखकों व लेखन कार्य के लिए देश में यह एक अभिनव व अनूठा प्रयोग है। वास्तव में, हिमालयीय वैशिष्ट्यता लिए 'लेखक गाँव' का उद्देश्य न केवल उत्तराखंड बल्कि देश-दुनियाँ के उन विलक्षण, विद्वान व विदुषी साहित्यकारों, गीतकारों, कलाकारों को विशेष ठौर व अवसर प्रदान करना है, जिनकी लेखनी ने अपने समय की कालजयी रचनाओं का सर्जन कर आमजन के बीच लोकप्रियता हासिल की। जानकारी देना चाहूंगा कि इस लेखक गांव की परिकल्पना साहित्यकार, लेखक और राजनेता पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने की है। उल्लेखनीय है कि 'लेखक गांव ' देहरादून के एक बाहरी इलाके थानो में लगभग 25 एकड़ जमीन पर फैला हुआ है और यहां चारों ओर हरितिमा है जो लेखकों को लेखन के लिए एक बहुत ही शांतिपूर्ण प्रकृति और माहौल प्रदान करती है। यह भी गौरतलब है कि हाल में ही इस अनूठी व नायाब सुविधा का उद्घाटन हमारे देश के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद और उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) द्वारा किया गया है। बहुत ही खुशी की बात है कि लेखक गांव के प्रथम चरण का निर्माण पूर्ण हो चुका है और वर्तमान में इसके अगला चरण निमार्णाधीन है। लेखक गांव की इस नायाब व अनूठी पहल में एक मुख्य भवन, पुस्तकालय, संग्रहालय और लेखकों के लिए कॉटेज के साथ-साथ एक 'भोजनालय' स्थापित किया गया है, जहाँ पर विभिन्न पारंपरिक उत्तराखंडी व्यंजन परोसे जाते हैं। लेखक गांव के संदर्भ में श्री निशंक का यह कहना है कि उनके मन में लेखकों के गाँव का विचार तब आया जब उन्होंने भारत के पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी को "देश में लेखकों को पर्याप्त सम्मान और स्थान नहीं दिए जाने" के बारे में पीड़ा व्यक्त करते हुए सुना था। वास्तव में यह बात सच है कि आज देश के विभिन्न कोनों में ऐसे साहित्यकार,लेखक व कवि बिखरे पड़े हैं, जिन्हें उचित स्टेज नहीं मिल पाती है और वे प्रतिभाशाली होते हुए भी पिछड़ जाते हैं और स्वयं को लेखन के क्षेत्र में स्थापित नहीं कर पाते हैं। इस संदर्भ में यहां महान अंग्रेजी कवि थामस ग्रे की बहुत ही शानदार कविता 'एलिजी' में यह कहा गया है कि -बहुत सारे फूल सुनसान जगहों/रेगिस्तान में खिलते हैं और मुरझा जाते हैं, जिन्हें कोई नहीं देख पाता। थॉमस ग्रे की "एलिजी" में इसके संदर्भ में यह वास्तव में आम लोगों के लिए एक रूपक(मेटाफर) है जो वीरतापूर्ण कार्य करते हैं।

## विचार

# क्या अब हमारे आदर्श हत्यारे, बलात्कारी व गुंडे मवाली हैं ?

**निर्मल रानी**

**सदियों** से हमारे देश में यह ज्ञान बांटा जाता रहा है कि किसी जमाने में भारत 'विश्व गुरु' हुआ करता था। पिछले एक दशक से फिर यही चर्चा बलवती हो चुकी है कि भारत एक बार पुनः विश्व गुरु की राह पर अग्रसर है। बकौल प्रसिद्ध व्यंगकार सम्पत सरल, 'हमारा भारत विश्व गुरु बनने के 'आउटर' पर खड़ा हुआ है'। परन्तु हमारा देश पहले जब कभी विश्वगुरु रहा होगा और अब जबकि एक बार फिर से विश्व गुरु बनने की तैय्यारी में है, इस समय अंतराल में हम एक बहुत बड़ा अंतर भी देख रहे हैं। पहले जब कभी हमारे पूर्वज 'विश्वगुरु भारत' में सांस ले रहे होंगे उस समय हमारे आदर्श, हमारे प्रेरणास्त्रोत हमारे मार्गदर्शक निश्चित रूप से ऐसे अनेक महापुरुष भी रहे होंगे जो हमें आदर्श जीवन व्यतीत करने,चरित्रवान बनने,मानवीय मूल्यों का पालन करने,सद्भाव,सहयोग,सहायता जैसे मूल्यों को अपने जीवन में ढालने की प्रेरणा देते रहे होंगे। हमारे अनेक धार्मिक ग्रंथ इस तरह की धार्मिक,सामाजिक व मानवीय शिक्षाओं व निर्देशों से भी भरे पड़े हैं। हमारे देश का इतिहास ऐसे एक से बढ़कर एक बलिदानियों,त्यागियों,तपस्वियों,ऋषियों मुनियों संतों व पीरों फकीरों व आदर्श पुरुषों से पटा पड़ा है जिन्होंने अपने आचरण से देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया का मार्ग दर्शन किया है।

परन्तु आज पुनः जब यह चर्चा चलती है कि 'भारत एक बार फिर से विश्व गुरु होने जा रहा है' ठीक उसी समय जब हम 'विश्व गुरु पार्ट 2' के दौर के अपने आज के आदर्शों,प्रेरणास्त्रोतों और मार्ग दर्शकों पर भी नजर डालते हैं तो हमें कुछ और ही दृश्य दिखाई देता है। आज के दौर में पहले जैसे प्रेरणास्त्रोत महापुरुषों की तो खैर कल्पना ही नहीं की जा सकती परन्तु उससे भी बड़ी त्रासदी यह है कि आज हमारे समाज का एक बड़ा वर्ग खासकर युवा वर्ग ऐसे लोगों को अपना आदर्श मांनने लगा है या ऐसे लोगों से प्रेरित हो रहा है जो अपराधी हैं,हत्यारे व बलात्कारी हैं,गुंडे और मवाली प्रवृति के लोग हैं। और इससे भी बड़ा दुर्भाग्य यह है कि अब समाज द्वारा किसी की अच्छाई बुराई या उसके पक्ष अथवा विपक्ष में खड़े होने या बोलने का निर्णय उसके धर्म सम्प्रदाय व जाति के अनुसार किया जाने लगा है। गत एक दशक में भारत में ऐसी सैकड़ों मिसालें देखने को मिल जाएँगी जिसमें न केवल बड़ी भीड़ द्वारा बल्कि सत्ता के संरक्षण तक में हत्यारों का महिमामंडन किया गया है । बलात्कारियों,सामूहिक बलकार व सामूहिक हत्या के दोषियों को मान सम्मान दिया गया है। कहीं राज्यों द्वारा सरकारी स्तर पर ऐसे अपराधियों को जेल से रिहाई दिलाई गयी। सामूहिक बलकार व सामूहिक हत्या के दोषियों को रिहा करने की गरज से सरकार द्वारा ऐसे अपराधियों को 'चरित्रवान ' होने का प्रमाणपत्र जारी किया गया। कहीं अपने राजनैतिक हित साधने के लिये बलात्कार व सामूहिक हत्या के ऐसे ही दोषी को जरुरत से ज्यादा बार जेल से पेरोल पर रिहा किया गया। हद तो यह है कि केवल धर्म के आधार पर जम्मू कश्मीर में कठुआ की एक आठ साल की मासूम बच्ची के साथ सामूहिक बलात्कार करने व उसकी हत्या कर लाश जंगलों में फेंकने वाले लोगों के समर्थन में जम्मू कश्मीर सरकार के मंत्री व विधायक व पार्टी कार्यकर्त्ता तक जुलूस निकालते,धरना देते व तिरंगा यात्रा तक निकालते दिखाई दिये। अब इन दिनों इसी अपराध पूर्ण प्रवृति में एक नया ट्रेंड दिखाई देने लगा है। पेशेवर अपराधियों व सरगनाओं व गैंगस्टर का भी महिमामंडन किया जाने लगा है। जो अपराधी भारत से लेकर विदेशों तक जबरन पैसे वसूली के रैकेट चला रहे हैं वे अपने धर्म या जाति का चोला ओढ़कर स्वयं को अपने समाज के आदर्श पुरुष व प्रेरणास्त्रोत के रूप में स्थापित करने लगे हैं। और मजे की बात तो यह है कि ऐसे अपराधियों को उनसे सम्बंधित समाज का ही नहीं बल्कि राजनीतिज्ञों का भी समर्थन हासिल हो रहा है। यह स्थिति अचानक पैदा नहीं हुई है बल्कि मात्र अपने राजनैतिक लाभ के लिये साम्प्रदायिक व जातिवादी ताकतों द्वारा धीरे धीरे देश में ऐसा माहौल पैदा किया जा चुका है कि महापुरुषों के अभाव के वर्तमान दौर में आज हत्यारे बलात्कारी गुंडे व मवाली किस्म के लोगों को ही लोगअपना आदर्श मानने लगे हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# दीयों से मने दीवाली, मिट्टी के दीये जलाएँ।

**-प्रियंका सौरभ**

आज की भागती दौड़ती जिन्दगी में लोग अपनी परंपरा को भूलते जा रहे हैं। इसका परिणाम है कि आज देश में पर्यावरण संकट के साथ-साथ कई तरह की समस्या उत्पन्न हो रही है। जिसके चलते सभी लोग और जीव-जंतु के जीवन पर संकट है। इस परंपरा में एक दीपावली पर्व पर मिट्टी के दीये जलाना भी है। जिसको आज लोग भूलते जा रहे हैं और उसकी जगह पर इलेक्ट्रानिक लाइटों का उपयोग कर रहे हैं। लेकिन जो सुंदरता मिट्टी के दीये जलने पर दिखती है वह इलेक्ट्रानिक लाइटों के जलने से नहीं। इस बात को स्वयं लोग भी स्वीकार कर रहे हैं और इस परंपरा को लोगों के भूलने पर चिंता भी व्यक्त कर रहे हैं। मिट्टी के दीये जलाना परंपरा के साथ हमारी संस्कृति है। अपनी संस्कृति को कोई कैसे भूल सकता है। इसका सभी लोगों को ध्यान रखना चाहिए। मिट्टी के दीये जलाने के कई लाभ है। जिसका उल्लेख कई जगहों पर देखने और सुनने को मिलता है। इसलिए सभी लोग मिट्टी के दीयें जलाएँ। दीपावली का त्यौहार मिट्टी के दीये से जुड़ा हुआ है। यह हमारी संस्कृति में रचा-बसा हुआ है। दीया जलाने की परंपरा आदि काल से रही है।

भगवान राम की अयोध्या वापसी की खुशी में अयोध्यावासियों ने घर-घर दीप जलाया था, तब से ही कार्तिक महीने में दीपों का यह त्यौहार मनाये जाने की परंपरा रही है। पिछले दो दशक के दौरान कृत्रिम लाइटों का क्रेज बढ़ा है। आधुनिकता की आंधी में हम अपनी पौराणिक परंपरा को छोड़कर दीपावली पर बिजली की लाइटिंग के साथ तेज ध्वनि वाले पटाखे चलाने लगे हैं। इससे एक तरफ मिट्टी के कारोबार से जुड़े कुम्हारों के घरों में अँधेरा रहने लगा, तो ध्वनि और वायु प्रदूषण फैलानेवाले पटाखों को अपना कर अपनी सांसों को ही खतरे में डाल दिया। अपनी परंपराओं से दूर होने की वजह से ही कुम्हार समाज अपने पुश्तैनी धंधे से दूर होता जा रहा है। दूसरे रोजगार पर निर्भर होने लगे हैं।एक समय था जब दीपावली पर्व को लेकर लोग मिट्टी के दीये खरीदने के लिए पहले ही कुम्हार को आर्डर कर देते थे।

## सपनों की बातें

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त** हरिद्वार के एक छोटे से चाय की दुकान पर, रमेश, सुरेश और किशोर तीनों बैठे हुए थे। मगर किशोर थोड़ी दूर, एक कुर्सी पर अकेला बैठा था। "सुना तुमने!" रमेश ने चाय की चुस्की लेते हुए कहा। "क्या?" सुरेश ने उत्सुकता से पूछा। "कल हमारे माननीय परिवहन मंत्री कह रहे थे कि हमारे देश में नई इलेक्ट्रिक गाड़ियों का प्रोजेक्ट शुरू हो रहा है। इस पर तो विपक्षियों की छाती पर सांप लोट रहा है!" रमेश ने आंखों में चमक लाते हुए कहा। "अरे, गाड़ी से याद आया, तुम्हारी पुरानी मोटरसाइकिल कहाँ गई?" सुरेश ने सवाल दागा। काफी दिन हो गए थे जब से रमेश मोटरसाइकिल पर नजर नहीं आया था। वह अक्सर उसी पर बैठकर जोर-जोर से गाने गाते हुए निकलता था। "बेच दी!" रमेश ने धीमे स्वर में कहा। "बेच दी! मगर क्यों?" सुरेश ने चौंकते हुए पूछा। रमेश ने चुप्पी साध ली। "क्यों भाई? बोलोगे या चुप रहोगे?" मैंने दुबारा पूछा। "वो क्या है कि, भाई साहब, आवाज बहुत करती थी!" रमेश ने हल्की आवाज में कहा। मैंने रमेश की आंखों में झांका। "मोटरसाइकिल को मारिए गोली! अब तो सीधे इलेक्ट्रिक गाड़ी में चलेंगे भाई साहब!" रमेश अचानक से तड़का। "हाँ, और इलेक्ट्रिक गाड़ी में तो बस चार्जिंग की बात करनी होगी, पेट्रोल भरवाने की तो कोई बात ही नहीं!" सुरेश ने जोर से हंसते हुए कहा। "आप बुढ़ा गए हैं, आपको कुछ मालूम नहीं!"

रमेश ने दांत पीसते हुए कहा। फिर मैंने रमेश को देखते हुए कहा, "अरे, इधर वो ससुरी मोटरसाइकिल कुछ ज्यादा ही आवाज करने लगी थी भाई!" इसी बीच किशोर ने अपने मोबाइल पर कुछ दिखाने की कोशिश की। उसने मोबाइल की आवाज पूरी तेज कर दी। मैंने देखा 'गैंग ऑफ वासेपुर' फिल्म का एक टुकड़ा चल रहा था, जिसमें एक विधायक अपने गुर्गे को गाली देते हुए कह रहा था, "अब तो सच बोल दे @#?&" यह देखकर मेरी हंसी छूट गई। रमेश अचानक से उठा और किशोर की ओर लपका। किशोर ने मुंह से "वूम-वूम" की आवाज निकालते हुए दौड़ लगा दी।

## न्यूज फ्लैश

### त्यौहारों के सीजन में मिठाइयों में मिलावट की संभावना को देखते हुए सामाजिक संगठनों ने किया सचेत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : त्यौहारों का सीजन आते** ही बाजारों में मिठाइयों की मांग बहुत अधिक बढ़ जाती है। जानकारों के अनुसार इसी के साथ मिठाइयों में मिलावट का खेल भी शुरू हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार नकली दूध, मावा और मिलावटी घी से तैयार मिठाइयां न सिर्फ स्वाद में खराब होती हैं, बल्कि सेहत के लिए भी बेहद खतरनाक साबित हो सकती हैं। हर साल त्यौहारों के मौके पर मिलावटखोरी के मामले सामने आते हैं, जिससे आम जनता के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडराने लगता है। प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग लगातार छापेमारी कर करते हैं, लेकिन मिलावटखोरी की संभावना बनी रहती है। त्यौहारों का सीजन आते ही धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के सामाजिक संगठन सचेत हो गए हैं और जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेवारी को याद करवा रहे हैं। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश पदाधिकारी मुनीश मित्तल एवं अशोक गर्ग ने कहा कि उन का संगठन स्वास्थ्य विभाग एवं हरियाणा सरकार को लगातार मिलावटी मिठाइयों को लेकर सचेत करता है। इसी के साथ कुरुक्षेत्र के उपायुक्त राजेश जोगपाल ने फूड एंड सेफ्टी अधिकारी को निर्देश दिए है कि दीपावली पर्व व अन्य आगामी पर्व को ध्यान में रखते हुए मिष्ठान भंडार व अन्य स्थानों का दौरा करें, वहां पर मिठाई के साथ-साथ अन्य जो खाद्य पदार्थ बनाए गए है उनकी गुणवत्ता की जांच करें ताकि किसी के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ ना हो सके।

### पटाखे न जलाकर ,प्रदूषण रहित दीपावली मनाएँ- महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष -सुनीता व्यास।

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) -सनौली मण्डल** भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता व्यास ने अपनी टीम के साथ साथ अपने क्षेत्र वासियो को दीपावली की शुभकामनाएँ दी है। और साथ मे ये भी अपील की है की हमे दीपावली के शुभ अवसर अपने प्रियजनो के साथ प्रेमभाव के साथ व पटाखे न जलाकर ,प्रदूषण रहित दिपावली मनानी चाहिए। जिससे प्रदूषण कम हो और आने वाले समय मे शुद्ध हवा रूपी धरोहर को अपनी पीढियो के लिए संरक्षित रख सके।इस अवसर उन्होंने लोगो को पटाखे नही ,दिए जलाने की अपील की ताकि पर्यावरण कम दूषित हो।इस अवसर पर सभी को पर्यावरण बचाने का संदेश देकर व नशे न करने की अपील भी की गई ।अपने संबोधन मे उन्होने कहा की- हमें दीपावली के त्यौहार को आपसी मतभेद भुलाकर धूमधाम से मनाना चाहिए ।इस अवसर पर उनके साथ उनकी टीम से रीना,निर्मल, स्यामो ,आशा,ज्योति, निधि आदि ने सहयोग किया।

### आतंकी घटनाओं से निपटने के लिए पुलिस ने किया मॉक ड्रिल का आयोजन



**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) पुलिस विभाग** की और से 21 अक्तूबर से 31 अक्टूबर तक पुलिस स्मृति व पुलिस झंडा दिवस मनाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में उक्त श्रृखला के तहत जिला पुलिस द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन कर शहीद जवानों को याद कर श्रद्धांजली दी जा रही है। इसी श्रृखला में जिला पुलिस द्वारा आतंकी घटनाओं से निपटने के लिए बुधवार को पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिला में तैनात कमांडो के जवानों ने इसमें भाग लिया। जिसमें जवानों ने आतंकियों के कब्जे से बंधको को मुक्त करवाने, आतंकियों को ढेर करने व पकड़ने, घायलों को बचाने व घायलों को अस्पताल पहुंचाने समेत कई अभ्यास किये। मॉक ड्रिल के दौरान प्रत्येक जवान ने अपने-अपने कार्यों का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। प्रशिक्षकों ने उनकी प्रदर्शन पर नजर रखी और उन्हें विभिन्न सिचुएशंस के लिए सुझाव दिए। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने कहा कि पुलिस समाज का रक्षक होता है। समाज में बढ़ रहे अपराधों पर अंकुश लगाना पुलिस का धर्म होता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह हमारे देश की सेना सीमाओं पर तैनात रहकर देशवासियों की रक्षा करती है, उसी तरह देश की आंतरिक सुरक्षा का कार्य पुलिस करती हैं। उन्होंने कहा कि यह मॉक ड्रिल न केवल पुलिस की क्षमता को मजबूत करने के लिए आवश्यक है, बल्कि यह जनता में विश्वास भी पैदा करता है कि हम किसी भी संभावित खतरे का सामना करने के लिए तैयार हैं। आगे भी समय समय पर मॉक ड्रिल करवाई जाएगी।

# कुरुक्षेत्र पुलिस परिवार से 6 पुलिस कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**उप पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाईन के सभागार में दी गई विदाई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र पुलिस** परिवार के 6 पुलिस कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता मनजीत पांचाल ने बताया कि 31 अक्टूबर सितम्बर को जिला पुलिस के निरीक्षक जय कुमार, उप निरीक्षक बलदेव राज, आजाद सिंह, गुरुचरण सिंह, सूरजभान व करण पाल सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत हुए पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए उप पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार ने कहा कि पुलिस विभाग आप द्वारा दी गई सेवाओं को हमेशा याद रखेगा । उप पुलिस अधीक्षक ने विदाई समारोह में सेवानिवृत अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने अपने जीवन



का करीब आधा भाग पुलिस विभाग को दिया है। विभाग में आपका अनुभव काफी लम्बा रहा है इसलिए आप अपने पुलिस कर्मचारियों का मार्ग-दर्शन करें। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में रहते हुए आपको बहुत सी नई चीजें भी सीखने को मिलीं होंगी। पुलिस विभाग में नौकरी मिलना व स्वस्थ रहते हुए सेवानिवृत्त होना बड़े सौभाग्य की बात है। पुलिस विभाग में सेवा करते हुए कई बार पुलिस कर्मचारी अपने सामाजिक कार्यों में शामिल नहीं हो सकते जिस कारण पुलिस कर्मचारी तनाव में रहते हैं और सेवानिवृति के समय तक किसी न किसी बीमारी से ग्रस्त हो जाते हैं। पुलिसकर्मियों का अच्छे स्वास्थ्य के साथ सेवानिवृत्त होना किसी बड़े अवार्ड से कम नहीं है । उप पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आपको पुलिस विभाग से सेवानिवृत होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। आज से आप एक आम नागरिक बन कर समाज में प्रवेश करेंगे।

आप अपने परिवार में एक पारिवारिक सदस्य बनकर अपने परिवार को समय दें। खाली समय में देश व समाज के हित के कार्य करें, हमेशा सकारात्मक गतिविधियों में शामिल रहें। पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह देकर विदा किया। इस मौका पर भलाई निरीक्षक कुसुम बाला, जोगिन्द्र सिंह, प्रवीन कुमार, पुलिस प्रवक्ता मुख्य सिपाही मंजीत पंचाल आदि काफी संख्या में पुलिस कर्मचारी तथा सेवानिवृत अधिकारियों और कर्मचारियों के परिजन मौजूद रहे।

## विज ने छावनी में दुकान में आग लगने की घटना का जायजा लिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः हरियाणा के** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी सदर बाजार में दुकान पर हुई आगजनी का प्रातः जायजा लिया तथा दुकानदारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। विज ने प्रातः सदर बाजार, अंबाला छावनी में तुलसी क्रिएशन्स की दुकान पर पहुंच लगी आग से हुए नुक्सान का जायजा लिया। उन्होंने दुकानदारों से बातचीत की और इस दौरान दुकान के संचालक अंकित व अर्जुन को हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज को शुभकामनाएं दी

कैबिनेट मंत्री अनिल विज को आज उनके आवास पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सीनिया उपाध्यक्ष एसएस सहगल, उपाध्यक्ष रविंद्र कौर के अलावा कंवलजीत सिंह, गुला सिंह, टीपी सिंह, हरपाल सिंह, राजिंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, परमजीत सिंह, हरविंद्र सिंह, जसबीर सिंह जस्सी एवं अन्य ने उनके कैबिनेट मंत्री बनने एवं दीवाली की शुभकामनाएं दी।


## सडक दुर्घटना में व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एक सडक** हादसे में 35 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। व्यक्ति काम से घर लौट रहा था। इस संदर्भ में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान करनाल के विकास कॉलोनी निवासी संदीप कुमार के रूप में हुई है। मृतक के पिता अशोक ने बताया कि उनका बेटा मीरा घाटी के पास काम करता था। 26 अक्टूबर को वह काम पर गया था। देर शाम वह बाइक से घर लौट रहा था। ताऊ देवीलाल चौक के पास कार शोरूम के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

## समाधान शिविर में आमजन की सुनी समस्याएं





**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः समाधान शिविर** आम लोगो की समस्याओं का त्वरित समाधान करने में अहम भूमिका निभा रहा है। हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार जिले के सभी नगर निकायों व खण्डों मे प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 9 बजें से 11 बजें तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है। समाधान शिविर लोगो की समस्याओं का कम समय मे या मौके पर समाधान करने मे कारगर सिद्ध हो रहा है। इसी कड़ी मे संयुक्त आयुक्त नगर निगम पुनित की अध्यक्षता मे नगर निगम अंबाला शहर मे समाधान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने लोगो की समस्याओं को गम्भीरता के साथ सुना और सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा अधिक समस्याओं का मौके पर समाधान करवाया। इस दौरान लोगो द्वारा 20 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 9 शिकायतों का मौके पर समाधान हो गया। शेष शिकायतों को तत्परता से समाधान करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा नारायणगढ़ खण्ड विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों ने एक समस्या का मौके पर ही समाधान किया। इस मौके पर नगर निगम के सम्बंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहें।

## वायु प्रदूषण फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर : जिलाधीश

**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) जिलाधीश डॉ. वीरेन्द्र** कुमार दहिया ने पानीपत जिला की सीमा में वायु प्रदूषण की रोकथाम को लेकर प्रदूषण फैलाने वाले कारकों की पहचान कर सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आमजन इन नियमों का पालन करते हुए प्रदूषण नियंत्रण में सहभागी बनने का आह्द्वान किया है। जिलाधीश डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सुझाव और सरकार से प्राप्त निर्देशों की अनुपालना में धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 और विस्फोटक अधिनियम, 1884 में नीहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए पानीपत की सीमा में 22 अक्टूबर से 31 जनवरी 2025 तक की अवधि के लिए ग्रीन पटाखों को छोडक? (श्रृंखला पटाखे या लारी) और सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री, फोडने. और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के आदेश दिए हैं।

**हरित पटाखे फोडने.की इस प्रकार होगी समय-सीमा**

जारी आदेशों के मुताबिक दीपावली पर्व और श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर दो घंटे और क्रिसमस व नव वर्ष पर केवल 35 मिनट आतिशबाजी की जा सकेगी। इस दौरान भी केवल ग्रीन पटाखे जलाए जा सकते हैं।

## कादियान ने मिट्टी दीपक खरीदने के साथ दुकानदारों की स्टॉल पर खड़े होकर बेचे मिट्टी के बर्तन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः** गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने शहर के कुम्हार मोहल्ले में मिट्टी के दीपक (दीये) खरीदारी करने के साथ दुकानदारों से कुशलक्षेम भी पूछी। और विधायक ने बारी-बारी से दीये बेच रहे दुकानदार के स्टॉल पर खड़े होकर मिट्टी दीपक बेचे। यहां विधायक के स्टॉल पर मिट्टी बर्तन बेचते देख लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। महज कुछ देर में 4-5 हजार रुपए के मिट्टी दीपक व अन्य बर्तन बिक गए। ये सब देख दुकानदारों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि अगर



आम लोग मिट्टी के दीये उपयोग करेंगे तो अपने घर जगमग होने के साथ-साथ मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्भकारों के घरों में भी खुशियों की रोशनी जगमगाएगी। मिट्टी के दीये से न केवल मेहनतकश लोगों के घरों में खुशियां आती है, बल्कि पर्यावरण को काफी फायदा पहुंचता है। कादियान ने कहा कि हमारे घर का दिया हमारी मिट्टी, हमारे व्यक्ति के हाथ से बना ही जलाए। इससे स्थानीय कलाकारों को मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री मोदी की भी मंशा यही है कि स्थानीय कलाकारों और उनकी कला को आगे बढ़ाए। लोग मिट्टी से बने, प्राकृतिक उत्पादकों को खरीदेंगे तो स्थानीय और स्वदेशी चीजों का बढ़ावा मिलेगा। कादियान ने अपील करते हुए कहा कि वोकल फॉर लोकल के मंत्र से दीपावली की खुशियों को दोगुना करने के लिए दीपोत्सव पर स्थानीय कुंभकारों द्वारा हमारी मिट्टी से बनाए गए दीप जलाकर अपने घरों को रोशन करने के साथ ही स्थानीय कुंभकारों के जीवन को भी रोशन करें। कादियान ने बताया कि दुकानदार कुलदीप के 1300 रुपए, महेंद्र के 800 रुपए, राजकुमार के 600 रुपए, अंगूरी के 1600 रुपए, मंजू के 900 रुपए, रामकुमार के 850 रुपए व कुलदीप कुमार के 950 रुपए के मिट्टी दीपक व अन्य बर्तन की सेल हुई है। इस अवसर पर नपा वाइस चेयरमैन दिनेश अदलखा, अंकित मल्होत्रा, अमित बत्रा, तरुण चुघ, प्रवेश मदान, देशबंधु मुखीजा, सुरेंद्र, प्रेम ठेकेदार, रिंकू प्रजापत, यशपाल कादियान आदि मौजूद रहे।

## झुग्गी झोपड़ी के लोगों व नन्हे बच्चों संग मनाया गया दीपावली का पर्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हिंदू शिक्षा समिति द्वारा प्रस्तावित पूर्व छात्र संपर्क अभियान के दूसरे चरण के हिस्से के रूप में एसएमबी गीता प्राथमिक विद्यालय बालघर के पूर्व छात्रों को प्रधानाचार्या के मार्गदर्शन में दीपावली उत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम तिलक व फूलों के साथ उनका स्वागत किया गया। पूर्व छात्र शिक्षकों और प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ पूर्व छात्र



नेटवर्क को और मजबूत करने और अभियान के उद्देश्यों का समर्थन करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए एकत्र हुए। प्रबंध समिति सदस्यों द्वारा भी पूर्व छात्रों को अपने सत्र के विद्यार्थियों को अपने साथ जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया एवं सुझाव भी दिए गए। चर्चा के बाद पूर्व छात्रों ने स्लम एरिया एवं वंचित वर्ग के लोगों के बीच मिठाई बांटकर दीपावली मनाई गई। झुग्गी झोंपड़ी के नन्हे बच्चों के चेहरों पर खुशी लाने का प्रयास किया गया।

## ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में उमंग एवं उत्साह के साथ मनाया दीपावली

**छात्र-छात्राओं ने लिया प्रदूषण मुक्त और पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाने का संकल्प**

**सोनीपत। ज्ञान गंगा** ग्लोबल स्कूल (जी-3) में दीपावली उत्सव उमंग एवं उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूली बच्चों ने कार्यक्रम में प्रदूषण मुक्त और पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाने का संकल्प लिया । छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक की प्रभावपूर्ण प्रस्तुति देकर परंपरागत तरीकों से दीये जलाकर दीपावली मनाने का संदेश दिया। इससे पहले प्राचार्या गीता चोपड़ा ने लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर उनका पारंपरिक पूजन एवं वंदन किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने जहां आकर्षक दीया, कार्ड और रंगोली



बनाकर सभी का मनमोह लिया, वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी धूम रही। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने सभी को दीपावली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि हमें हमेशा प्रदूषण रहित दिवाली मनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि दीपावली मुख्य रूप से भगवान राम के अयोध्या लौटने की खुशी में मनाई जाती है । इस दिन भगवान राम 14 वर्ष का वनवास काटकर अयोध्या वापस लौटे थे। ऐसे में हम सभी को पारंपरिक तरीकों से से दीपावली का पर्व मनाना चाहिए । बिजली की बजाए मिट्टी के दीये से अपने घर को जगमग कर रखना चाहिए । दीपावली पर मिट्टी के दीये जलाने के पीछे धार्मिक महत्व भी है । मिट्टी के दीपक जलाना न सिर्फ प्रकृति के लिए अनुकूल है, बल्कि इससे घर में सुख-समृद्धि और शांति भी आती है। मिट्टी के दीये हमारी संस्कृति का एक अहम अंग हैं । दीपावली पर इसे जलाकर हम अपनी परंपराओं को याद रखते हैं । उन्होंने बच्चों से कहा कि रोशनी के पर्व दीवाली को खुशियों के साथ मनाएं, लेकिन पर्यावरण का भी ध्?यान रखें। वहीं नुक्कड़ नाटक में उदित, गगनदीप, भूमिक,चक्षु, मंजीत ,युवराज आदि ने अपने अभिनय से प्रभावित किया। वंश, शांतनु, ध्रुव, गर्विश, नित्य आदि ने रामायण की चौपाई सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया । नौवीं की छात्रा अदिति शर्मा ने नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देकर समां बांध दिया । नौनिहालों को पपेट शो के माध्यम से भगवान राम के अयोध्या लौटने की खुशी में मनाई जाने वाली दीपावली पर्व के महत्व से अवगत करवाया गया ।इस मौके पर अध्यापिका महक, मधु, वर्षा, सीमा, काजल, सरिता सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे ।

## इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कॉलेज में मनाया दीपावली पर्व

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः अंबाला इंस्टीट्यूट ऑफ** होटल मैनेजमेंट ने कैंपस में दिवाली और धनतेरस उत्सव धूमधाम से मनाया गया दीवाली, जिसे दीपावली के नाम से भी जाना जाता है, भारत का एक प्रमुख और महत्वपूर्ण त्योहार है। यह त्योहार मुख्य रूप से हिंदू धर्म में मनाया जाता है. दीवाली का त्योहार भगवान राम, माता सीता और भाई लक्ष्मण के अयोध्या लौटने की खुशी में मनाया जाता है। जब राम 14 वर्षों का वनवास समाप्त कर अयोध्या लौटे, तो शहरवासियों ने उनका स्वागत दीप जलाकर किया और इस अवसर पर अयोध्या को रोशनी से भर दिया



गया था, इस अवसर पर कॉलेज में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालरा ने मुख्यतिथि के तोर पर शिरकत की ,इस महोत्सव की शुरूआत कॉलेज के चेयरमैन पवन अग्रवाल और मुख्य अतिथि सुधीर कालरा द्वारा दिवाली पूजा से की गई. इस अवसर पर कॉलेज के छात्रों द्वारा कॉलेज के विभिन्न क्षेत्रों को दीयों, रंग-बिरंगी लाइट्स और रंगोली से सजाया गया. सभी स्टाफ सदस्यों और छात्रों ने इस त्योहार को उत्साहपूर्वक मनाया. कॉलेज द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया,जहां छात्रों ने नृत्य, संगीत प्रस्तुत किया ।महोत्सव का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और पर्व का महत्व समझाना था, कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा रात्रि भोज के लिए विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाये गये। कॉलेज के चेयरमैन पवन अग्रवाल ने सभी स्टाफ सदस्यों को बहुत बेहतरीन सुंदर-सुंदर उपहार देकर दीपावली की शुभकामनाएं दी। कॉलेज स्टाफ की और से सभी छात्रों को दीपावली की शुभकामनाएं दी गई ।.कार्यक्रम के अंत में मुख्यअतिथि सुधीर कालरा ने सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ को दीपावली एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएँ दीं।

## किसान फसल अवशेष प्रबंधन अपनाएं, पर्यावरण को प्रदूषण से बचाएं: दर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः एसडीएम दर्शन** कुमार ने फसल अवशेष प्रबंधन हेतु किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया और किसानों से अपील की वह फसल अवशेषों को ना जलायें, इससे पर्यावरण प्रदूषित होता है। उन्होंने कहा कि वह भारत सरकार की विभिन्न फसल अवशेष प्रबंधन योजनाओं को अपना कर पराली का समुचित उपयोग कर सकते हैं। किसान फसल अवशेष प्रबंधन अपनाएं, पर्यावरण को प्रदूषण से बचाएं। एसडीएम गांव बुढंगपुर व इस्माईलापुर में जाकर किसानों के साथ बातचीत कर उनको फसल अवशेषों के प्रबन्धन हेतू



जागरूक किया। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वह पराली को ना जलाएं, अपितु हरियाणा सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा पराली प्रबंधन हेतु दी जा रही 1 हजार रुपए प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि का लाभ उठाएं। किसानों को पराली प्रबंधन हेतु विभिन्न कृषि यंत्रों जैसे की सुपर सीडर, जीरो ड्रिल, हैप्पी सीडर, रोटावेटर, मल्चर, रिवर्सिबल प्लो, स्लैशर हेय-रेक, बेलर अपनाने पर विभाग द्वारा 1 हजार रुपए प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि किसानों को दी जा रही है।

ACTION INDIA
नई दिल्ली, 31 अक्टूबर 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
http:// www.actionindialive.com

# धार्मिक ग्रंथों में दीपावली का महत्व

**दीपोत्सव का वर्णन प्राचीन ग्रंथों में मिलता है। दीपावली से जुड़े कुछ रोचक तथ्य हैं जो इतिहास के पन्नों में अपना विशेष स्थान बना चुके हैं। इस पर्व का अपना ऐतिहासिक महत्व भी है, जिस कारण यह त्योहार किसी खास समूह का न होकर संपूर्ण राष्ट्र का हो गया है।**



धर्म की दृष्टि से दीपावली के त्योहार का ऐतिहासिक महत्व है। अनेक धर्मग्रंथ दीपावली का ऐतिहासिक महत्व हमें बतलाते हैं। आइए जानते है दीपावली से जुड़े धार्मिक तथ्य...।

* विष्णु ने तीन पग में तीनों लोकों को नाप लिया। राजा बलि की दानशीलता से प्रभावित होकर भगवान विष्णु ने उन्हें पाताल लोक का राज्य दे दिया, साथ ही यह भी आश्वासन दिया कि उनकी याद में भू लोकवासी प्रत्येक वर्ष दीपावली मनाएंगे।

महाप्रतापी तथा दानवीर राजा बलि ने अपने बाहुबल से तीनों लोकों पर विजय प्राप्त कर ली, तब बलि से भयभीत देवताओं की प्रार्थना पर भगवान विष्णु ने वामन रूप धारण कर प्रतापी राजा बलि से तीन पग पृथ्वी दान के रूप में मांगी। महाप्रतापी राजा बलि ने भगवान विष्णु की चालाकी को समझते हुए भी याचक को निराश नहीं किया और तीन पग पृथ्वी दान में दे दी।

* त्रेतायुग में भगवान राम जब रावण को हराकर अयोध्या वापस लौटे तब उनके आगमन पर दीप जलाकर उनका स्वागत किया गया और खुशियां मनाई गईं।

* कार्तिक अमावस्या के दिन सिखों के छठे गुरु हरगोविन्दसिंहजी बादशाह जहांगीर की कैद से मुक्त होकर अमृतसर वापस लौटे थे।

* बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध के समर्थकों एवं अनुयायियों ने 2500 वर्ष पूर्व गौतम बुद्ध के स्वागत में हजारों–लाखों दीप जलाकर दीपावली मनाई थी।

* कृष्ण ने अत्याचारी नरकासुर का वध दीपावली के एक दिन पहले चतुर्दशी को किया था। इसी खुशी में अगले दिन अमावस्या को गोकुलवासियों ने दीप जलाकर खुशियां मनाई थीं।

* 500 ईसा वर्ष पूर्व की मोहनजोदड़ो सभ्यता के प्राप्त अवशेषों में मिट्टी की एक मूर्ति के अनुसार उस समय भी दीपावली मनाई जाती थी। उस मूर्ति में मातृ–देवी के दोनों ओर दीप जलते दिखाई देते हैं।

* अमृतसर के स्वर्ण मंदिर का निर्माण भी दीपावली के ही दिन शुरू हुआ था।

* जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर ने भी दीपावली के दिन ही बिहार के पावापुरी में अपना शरीर त्याग दिया। महावीर–निर्वाण संवत्? इसके दूसरे दिन से शुरू होता है। इसलिए अनेक प्रांतों में इसे वर्ष के आरंभ की शुरुआत मानते हैं।

* यह भी कथा प्रचलित है कि जब श्रीकृष्ण ने आतताई नरकासुर जैसे दुष्ट का वध किया तब ब्रजवासियों ने अपनी प्रसन्नता दीपों को जलाकर प्रकट की।

* राक्षसों का वध करने के लिए मां देवी ने महाकाली का रूप धारण किया। राक्षसों का वध करने के बाद भी जब महाकाली का क्रोध कम नहीं हुआ तब भगवान शिव स्वयं उनके चरणों में लेट गए। भगवान शिव के शरीर स्पर्श मात्र से ही देवी महाकाली का क्रोध समाप्त हो गया। इसी की याद में उनके शांत रूप लक्ष्मी की पूजा की शुरुआत हुई। इसी रात इनके रौद्ररूप काली की पूजा का भी विधान है।

* मुगल वंश के अंतिम सम्राट बहादुर शाह जफर दीपावली को त्योहार के रूप में मनाते थे और इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेते थे।

* शाह आलम द्वितीय के समय में समूचे शाही महल को दीपों से सजाया जाता था एवं लाल किले में आयोजित कार्यक्रमों में हिन्दू–मुसलमान दोनों भाग लेते थे।

* पंजाब में जन्मे स्वामी रामतीर्थ का जन्म व महाप्रयाण दोनों दीपावली के दिन ही हुआ। इन्होंने दीपावली के दिन गंगातट पर स्नान करते समय ओम कहते हुए समाधि ले ली।

* महर्षि दयानन्द ने भारतीय संस्कृति के महान जननायक बनकर दीपावली के दिन अजमेर के निकट अवसान लिया। इन्होंने आर्य समाज की स्थापना की।

* दीन–ए–इलाही के प्रवर्तक मुगल सम्राट अकबर के शासनकाल में दौलतखाने के सामने 40 गज ऊंचे बांस पर एक बड़ा आकाशदीप दीपावली के दिन लटकाया जाता था। बादशाह जहाँगीर भी दीपावली धूमधाम से मनाते थे।

* सम्राट विक्रमादित्य का राज्याभिषेक दीपावली के दिन हुआ था। इसलिए दीप जलाकर खुशियां मनाई गईं।

* ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में रचित कौटिल्य अर्थशास्त्र के अनुसार कार्तिक अमावस्या के अवसर पर मंदिरों और घाटों (नदी के किनारे) पर बड़े पैमाने पर दीप जलाए जाते थे।

# परिवार संग करें देवी पूजन

*कहते हैं कि माता के शरण में सच्चे मन से जो भी व्यक्ति जाता है। उसकी सारी समस्याओं का निवारण हो जाता है। वैसे भी लक्ष्मी का आशीर्वाद मनुष्य को केवल संपन्न ही नहीं बनाता, बल्कि परिवार में खुशियां भी ले कर आता है। इस बार परिवार के सभी सदस्य मिलकर कैसे मनाएं लक्ष्मी जी को आइए जानते हैं।*

*श्रीसूक्त में लक्ष्मीजी को 'विश्व प्रिये, विष्णु मनोनुकूले' कहकर सम्बोधित किया गया है। इसका अर्थ है कि लक्ष्मी का आशीर्वाद कौन नहीं पाना चाहता? धन वैभव किसे नहीं चाहिए? लक्ष्मी के आशीर्वाद से घर में पैसा आता है और सुख भी। लक्ष्मी का आशीर्वाद और विष्णु भगवान की अनुकूलता से घर में सुख-शांति और समृद्धि हमेशा बनी रहती है। दीपावली की रात पारिवारिक दृष्टि से सुख-समृद्धि व व्यापारियों के लिये लाभ और प्रगति के लिए अलग-अलग मुहूर्तों पर पूजा करने का प्रावधान है। पारिवारिक समृद्धि के लिये प्रदोष काल यानी शाम को दो घंटे में वृषभ लग्न में पूजा करने का प्रावधान है, जबकि व्यापारियों के लिये आधी रात में पड़ने वाला सिह लग्न का मुहूर्त उत्तम माना गया है। रात में की गई पूजा का फल सबसे अच्छा होता है।*



# व्यापार में सफलता दिलाती है लक्ष्मी पूजा

आज के इस आधुनिक दुनिया में हर व्यक्ति किसी ना किसी रूप से परेशान है ही। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी होती है। कमाई की समस्या। किसी को नौकरी नहीं मिलती तो किसी का व्यावसाय नहीं चलता। अगर आप भी इस समस्या से जूझ रहे हैं और यदि बहुत मेहनत करने के बाद भी आप को सही फल नहीं मिल रहा है व व्यापार में लगातार लाभ नहीं हो पा रहा है, तो इस प्रयोग से आप लक्ष्मीजी को प्रसन्न करने में कामयाब रहेंगे। दीपावली की शाम को 16 गोमती चक्र गुलाब जल से धोकर लाल चन्दन वाले पानी में डुबा दें। श्रीं श्रीं श्रीं कमले कमलालये विष्णु वल्लभायै धन समृद्धि प्रदायै महालक्ष्म्यै श्रीं श्रीं श्रीं मंत्र से धूप-दीप अर्पित करें। मंत्र का जाप करें। गोमती चक्र को अपने प्रतिष्ठान में लगाएं। इससे आपको लाभ मिलेगा।

# सिह लग्न में लक्ष्मीजी की पूजा

यह पूजा आधी रात को व्यापारियों द्वारा अपने प्रतिष्ठान में संपन्न कराई जाती है। गणेश पूजन के बाद कमल गट्टा और अन्य जड़ी-बूटियों के साथ लक्ष्मीजी का आह्वान किया जाता है। सबके साथ मिलकर 'कनकधारा स्त्रोत ' तथा 'श्व्लूह लद्दृ' का पाठ कर लक्ष्मी जी का अभिषेक करें और आरती कर सभी कर्मियों में प्रसाद बांटें। अपने बहीखाते का सरस्वती के रूप में पूजन करें। लिखने के लिये प्रयुक्त की जाने वाली कलम या स्याही की बोतल का मां काली के रूप में पूजन करें। प्रतिष्ठान के द्वार पर गणेश जी की पूजा करें और शुभ लाभ अंकित करें।

## गोवर्धन पूजा से प्रसन्न होंगे भगवान श्रीकृष्ण

गोवर्धन पूजा के दिन सुबह आम की लकड़ी के पाटे पर गाय के गोबर से छोटे पहाड़ बनाएं। दोनों पहाड़ों की धूप,दीप चन्दन आदि से पूजा करें और घर के द्वार पर लगा कर फिर से पूजा करें। इससे भगवान कृष्ण की कृपा से जीवन में स्थिरता प्राप्त होती है।

## मंगल देवताया

मां लक्ष्मी का पंचामृत से श्रीसूक्त का पठन करते हुए अभिषेक करें। चंचलाये नमः, चपलाये नमः मंत्रों का उच्चारण करते हुए लक्ष्मी की पूजा करें। अष्ट लक्ष्मी का पूजन भी करें। श्रृंगार सामग्री, धूप, दीप भोग अर्पित करने के बाद आरती करें और सबको प्रसाद बांटें। दीप जलाना ना भूलें।

## भाई की लम्बी उम्र की प्रार्थना

भाई दूज को यम द्वितीया भी कहा जाता है। शास्त्रों में वर्णन है कि यम द्वितीया को मृत्यु के देवता। अपनी बहन यमुना से मिलने आते हैं। इसीलिये यमुना के तट पर पूजा का बहुत महत्ता है। इस दिन अपने भाई का चन्दन, रोली से टीका कर आरती करें। भाई की दीर्घायु हेतु प्रार्थना करें। भाई के साथ भगवान शिव के भी दर्शन करें।



# दीपावली की रात कुछ ऐसे मिलते हैं संकेत



दीपावली की रात देवी लक्ष्मी धरती पर आती हैं। इस रात जिस घर पर देवी की कृपा हो जाती है उनके लिए पूरा वर्ष सुखद रहता है। धन आगमन एवं लाभ का स्रोत बना रहता है।

भौतिक सुख के साधन एवं स्थायी संपत्ति में इजाफा होता है। शकुन शास्त्र एवं प्राचीन मान्यताओं के अनुसार दीपावली की रात कुछ ऐसे संकेत मिलते हैं जिससे आप जान सकते हैं कि इस वर्ष आप पर लक्ष्मी की कृपा हुई है।

## दीवारों पर दिख जाए छिपकली

दीवारों पर दौड़ती हुई छिपकली आपको यूं तो अक्सर दिख जाएगी। लेकिन दीपावली की रात छिपकली का दिखना बड़ा ही दुर्लभ होता है। इस रात अगर आपको छिपकली दिख जाए तो यह बड़ा ही अच्छा शगुन होता है। यह लक्ष्मी की कृपा का सूचक माना गया है।

परिणाम स्वरूप उत्साह और ध्यान से काम कर सकेंगे। आत्मविश्वास बढ़ेगा। सप्ताह के अंत में आर्थिक आयोजन में प्रारंभिक अवरोध के बाद सफलता मिलेगी। निवेशकार सावधानीपूर्वक निवेश करें, मित्रों- शुभेच्छकों के मिलने से आप को आनंद होगा। व्यवसायक्षेत्र में सहयोगभरा माहौल रहेगा। दोस्तों, भाई-बंधुओं और पड़ौसियों के साथ संबंध मनमेल भरे रहेंगे। नए कार्यों की शुरूआत कर सकते हैं।

## बिल्ली घर में आए तो किस्मत खुल जाए

घर में घुसकर बिल्ली अक्सर दूध पी जाती है और आप इससे दुःखी हो जाते हैं। लेकिन दीपावली की रात अगर बिल्ली घर में आ जाए तो जश्न मनाना चाहिए। यह धन वृद्धि का सूचक होता है।

बिल्ली को नकारात्मक उर्जा का संचार करने वाला जीव माना गया है लेकिन दीपावली की रात घर की छत पर बिल्ली आकर मल त्याग करे तो इसे स्थायी लक्ष्मी की प्राप्ति का संकेत मानना चाहिए।

## प्रार्थना करें उल्लू दिख जाए

देवी लक्ष्मी का वाहन उल्लू माना गया है। माना जाता है कि दीपावली की काली अमावस रात में देवी लक्ष्मी अपने वाहन पर बैठकर भ्रमण करती हैं। इसलिए इस दिन उल्लू का दिखना बहुत ही शुभ माना जाता है। माना जाता है कि इस दिन उल्लू का दिखना देवी लक्ष्मी की कृपा से ही संभव होता है।

## साल भर धनागमन बना रहता है

छछुंदर जमीन के अंदर बिल बनाकर रहता है। यह रात के समय घरों में घुसकर बिखरे अनाज और दूसरे खाद्य पदार्थों को खाकर पेट भरता है।

दीपावली की रात अगर छछुंदर घर में आ जाए तो इसे भी शुभ संकेत समझना चाहिए इससे साल भर धनागमन बना रहता है।

दीपावली के दिन गिरा हुआ अथवा कहीं से अटका हुआ धन का मिलना भी शुभ शगुन माना गया है। इस दिन उपहार मिलना भी शुभ शगुन माना गया है। इसलिए दीपावली के दिन एक दूसरे को उपहार देने का रिवाज है। इस खर्च के कारण जेब हल्की होने पर भी आप आनंदित रहेंगे। सप्ताह के अंत में स्थिति थोड़ी प्रतिकूल होने के कारण सरकारी मामलों में सावधानी बरतें। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से उलझने से बचें। विरोधी और शत्रु सक्रिय रहेंगे। आप आध्यात्म के मार्ग से मन की शांति पा सकते हैं। गहन चिंतन से आप खुद की कमियों को दूर कर पाएंगे।

सप्ताह के मध्य में ग्रहदशा सुधरने से आपका मन हलका होगा। पड़ोसियों के साथ संबंध मिठास भरा रहेगा। घर में मित्रों और स्नेहीजनों का आगमन आनंददायी होगा। यात्रा होने की भी संभावना है। भाग्यवृद्धि के योग हैं। सप्ताह के अंत में आप के स्वभाव में भावुकता ज़्यादा रहेगी। भविष्य सुरक्षित करने के लिए दीर्घकालिक निवेश करने का उत्तम समय है। माता की ओर से ज़्यादा प्रेम का अनुभव होगा।

## मखाना का भोग

लक्ष्मी मैया को मखाना प्रिय है। इसका कारण यह है कि लक्ष्मी माता जल से प्रकट हुई हैं। मखाना भी जल में पलता बढ़ता है, यानि जल से जन्म लेता है। सागर को मथने के बाद जैसे लक्ष्मी उत्पन्न हुई थीं उसी प्रकार मखाना भी जल में एक कठोर आवरण में ढ़का रहता है।

# आई.टी.आई. में मनाया गया स्वच्छ दीपावली-शुभ दिवाली कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारत सरकार** के आवासन एवं शहरी मामले मंत्रालय की ओर से जारी निदेशों की अनुपालना में नगर निगम करनाल द्वारा स्वच्छ दिवाली-शुभ दिवाली कार्यक्रम आई.टी.आई. चौक स्थित बाबू मूल चंद जैन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित किया। कार्यक्रम में माय भारत के वालंटियर तथा आई.टी.आई. के स्टाफ एवं करीब 500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। नगर निगम आयुक्त नीरज कादियान ने बताया कि कार्यक्रम में सबसे पहले सूचना, शिक्षा और संचार



गतिविधियों के तहत उपस्थित सभी को 5 प्रकार के डस्टबिन और उनमें डाले जाने वाले कूड़े-कचरे की जानकारी दी गई। गीले व सूखे कचरे के पृथ्थकरण करने बारे विशेष जोर दिया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करना कितना हानिकारक है, इसकी भी जानकारी दी जाएगी। इसके बाद सवाल-जवाब भी हुए। इस मौके पर सभी को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई। उन्होंने बताया कि इसके पश्चात नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम, माय भारत के वालंटियर तथा आई.टी.आई. के विद्यार्थियों ने मिलकर आई.टी.आई. रोड, सेक्टर-9 मार्किट, बसंत विहार तथा साथ लगते क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया।

इसके साथ-साथ जागरूकता गतिविधियां भी चलाई गई तथा दुकानदार तथा ग्राहकों को गीले व सूखे कचरे की जानकारी दी गई। नागरिकों को स्वच्छ दीपावली-शुभ दीपावली मनाने का संकल्प दिलाय गया और अपने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने की अपील की गई।

उन्होंने बताया कि शहर के सभी मुख्य बाजारों में निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा दुकानदारों, नागरिकों व ग्राहकों, सभी को स्वच्छ दिवाली-शुभ दिवाली मनाने की अपील की जा रही है। टीम द्वारा विशेष आग्रह किया गया कि सभी शहरवासी प्रदूषण की बढ़ती समस्या को देखते हुए ग्रीन दिवाली मनाएं। उन्होंने बच्चों से भी अपील करते कहा कि वह पटाखों का कम से कम प्रयोग करें। जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग, आई.टी.आई. के प्रधानाचार्य राकेश भाटिया, वार्ड नम्बर 10 के निवर्तमान पार्षद वीर विक्रम कुमार, आई.टी.आई. स्टाफ से जी.आई. जसविन्द्र सिंह तथा इंस्ट्रक्टर राम बिलास, धर्मपाल, मनीष कुमार, मनजीत सिंह व दिनेश, नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम से ट्रीगर मास्टर गुरदेव सिंह, मोटीवेटर कुलदीप, अंकित तथा करनाल व्यापार मंडल के प्रधान कृष्ण लाल तनेजा उपस्थित रहे।

# कांग्रेस का अस्तित्व लगभग समाप्त होने की ओर अग्रसर: प्रो.रामबिलास

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** भाजपा पार्टी का देश में व्यापारी कर्मचारी से लेकर हर वर्ग में दिन प्रतिनिधि दिन जनाधार बढ़ता जा रहा है। महाराष्ट्र और झारखंड में भाजपा हरियाणा की तरह बहुमत से सरकार बनाएगी। उक्त बातें हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने जयराम सदन में कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में प्राण नहीं है कांग्रेस पार्टी का अस्तित्व देश में लगभग समाप्त होने की और अग्रसर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व अन्य पार्टियों के नेता महाराष्ट्र में भाजपा के हार की भविष्यवाणी कर रहे हैं जो की बिल्कुल निराधार हैं इस तरह के डायलॉग तो विपक्ष के नेता हरियाणा के लिए भी बोलते थे, लेकिन सभी डायलॉग गलत साबित हुए। इसी तरह महाराष्ट्र एवं झारखंड में भी गलत साबित होंगे।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस की कथनी और करनी में फर्क है, ना कांग्रेस की राष्ट्र एवं आम जनता के लिए कोई नीति है न नियम है। जबकि भाजपा पार्टी एक नीति नीयत व विजन के तहत देश के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, जिला परिषद जिला प्रमुख डॉक्टर राकेश कुमार, गौड ब्राह्मण सभा प्रधान राकेश शर्मा एडवोकेट, जिला पार्षद देवेंद्र यादव, जिला पार्षद संतोष पीटीआई, जिला पार्षद अजीत सिंह, सवाई सिंह राठौड़ सतनाली, प्रेम फौजी पाली, मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन कंवर डालू सिंह, पूर्व प्रधान सूरत सिंह सैनी, नगर पालिका के पूर्व उप प्रधान रमेश शर्मा, हैप्पी एवरग्रीन के चेयरमैन सुभाष अग्रवाल, मलखान पाली, कैलाश सैनी, पूर्व नगर पार्षद कुलदीप शर्मा, सुरेश यादव कुराहवटा, सतबीर सेहलंग, हनुमान शर्मा, राजु, कैलास शर्मा बलायचा उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### कॉलेज की बस से बैटरी चोरी, सीसीटीवी में कैद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कस्बा घरौंडा के** कैमला गांव में एक इंजीनियरिंग कॉलेज बस की बैटरी चोरी हो गई। बस लंगड़े बाबा वाले मंदिर के बाहर खड़ी हुई थी। चोरों ने आधी रात को घटना को अंजाम दिया। वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसमें चोर बैटरी चोरी करते हुए नजर आ रहे है। बताया जा रहा है कि दोनों चोर नशे के आदी हैं। स्मैक करने के बाद चोरी की। बस ड्राइवर को सुबह चोरी की घटना का पता चला, जब वह बस को ले जाने के लिए रवाना हुआ। हालांकि बड़ा नुकसान तो नहीं हुआ, लेकिन चोरी का नुकसान ड्राइवर को अपनी जेब से भुगतना पड़ेगा। कैमला गांव निवासी रिंकू भार्गव ने बताया कि वह पाइट कॉलेज में ड्राइवर की जॉब करता है। उसका काम छात्रों को लेकर जाना और आना है। काम पूरा होने के बाद वह बस को गांव के बाहर लंगड़े बाबा वाले मंदिर के बाहर खड़ी कर देता है और घर चला जाता है। मंदिर के बाहर ही सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, ताकि बस सुरक्षित रहे, लेकिन 29-30 अक्तूबर की दरमियानी रात चोरों ने चोरी की घटना की। इस नुकसान का भुगतान उसे अपनी जेब से ही करना पड़ेगा। इस चोरी की घटना में मेरी लगभग एक महीने की सैलरी चली जाएगी। पीड़ित ड्राइवर ने बताया कि सीसीटीवी के अनुसार दो चोर एक बाइक पर आते हैं जिसमें से एक ने बड़ी दाड़ी रखी है, सिर पर गमछा बांधा हुआ है। प्रिंटिड ब्लू शर्ट और ग्रे कलर की जींस के साथ साथ चप्पल डाली हुई है। वह स्मैक से अपनी बीड़ी भर लेता है और बीडी पीने के बाद बस की तरफ बढ़ता है। फिर दूसरा चोर नजर आता है, जिसने ब्लैक एंड ग्रे कलर का ट्रैक सूट डाला हुआ है और मुंह पर सफेद रंग का गमछा लपेटा हुआ है। इसके साथ ही एक चोर मंदिर के अंदर भी जाकर देखता है कि कोई बाबा जाग तो नहीं रहा। फिर वह भी बस की तरफ बढ़ता है। पहले वे स्कूल बस की बैटरी को चोरी करने का प्रयास करते है, लेकिन बात नहीं बनती, जिसके बाद वे कॉलेज बस की बैटरी को चोरी करके मौके से फरार हो जाते है। ईआरवी इंचार्ज सुरेश कुमार ने बताया कि कैमला में बस की बैटरी चोरी होने की सूचना मिली थी। सीसीटीवी में चोर कैद हुए है। संबंधित घरौंडा थाने को चोरी की जानकारी दे दी गई है।

### सैशन जज ने किया जिला कारागार का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला एवं सत्र** न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर ने बुधवार को जिला कारागार करनाल का दौरा किया। उन्होंने कारागार में रह रहे बंदियों से बातचीत की व उन्हें दीपावली की बधाई दी। इसके अलावा बंदियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं का भी जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन, अधीक्षक जेल, करनाल व डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल महिन्द्र कुमार भी उपस्थित थे। सीजेएम इरम हसन ने बताया कि इसके बाद दीपावली के उपलक्ष्य में सुभद्रा वरिष्ठ नागरिक सदन में पहुंचकर वहां रह रहे बुजुर्गो से बातचीत की गई व उन्हें फलों की रिफ्रेशमेंट प्रदान की गई। बुजुर्गों ने चुटकलें सुनाकर कार्यक्रम में भाग लिया। सुभद्रा वरिष्ठ नागरिक सदन, करनाल की इंचार्ज नीतू भी इस अवसर पर उपस्थित थी। उन्होंने बताया कि नालसा की ओर से निशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जिसके लिए टोल फ्री हैल्पलाइन नंबर 15100 पर काल करके कोई भी व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह प्राप्त कर सकता है व समाज का कमजोर व पिछड़ा वर्ग मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है।

### बंद मकान का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी किए चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। गांव बुचावास में** आर्मी जवान के घर में चोरों ने ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पीड़ित ने सदर पुलिस थाने में शिशकायत देकर कार्रवाई की मांग की हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। गांव बुचावास निवासी सुमित कुमार ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह भारतीय सेवा में कार्यरत है। उसकी पोस्टिंग इन दिनों कोलकाता में है। वह अपने मकान को बंद कर ताला लगाकर अपनी पत्नी व बच्चों को साथ लेकर गया था। उसके लड़का हुआ था। उसकी पत्नी 1 जुलाई को अपने मायके गई थी, वहां से छूछक लेकर बुचावास दो-तीन दिन रुकने के बाद वह वापस मेरे पास आ गई। वह छूछक का पूरा सामान घर पर रखकर गई थी। 27 अक्टूबर की रात को उसके घर में चोरी हो गई। उसने बताया कि छुछक में 2 सोने की अंगूठी मेरी, मेरी पत्नी के कान की झुमकी, लॉकेट, चांदी के 4 सिक्के, 1 नारियल, पाजेब, बच्चे के हाथ-पैर के कड़े व 2 गड्डी 10-10 रुपए की रखी हुई थी।

# करनाल पहुंचे कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। बुधवार को** करनाल में अंजनथली रोड पर एक किसान के खेत में पहुंचे कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने खेत की सडकों को किसानों के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग बताया है। उन्होंने कहा कि खेत की कच्ची सडकों को पक्का करना सरकार का एजेंडा भी है और घोषणा पत्र में भी है। खेत की सडकें किसानों के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग हैं, क्योंकि किसान राष्ट्रीय राजमार्गों पर कभी.कभी जाते हैं, लेकिन उन्हें दिन में दो से तीन बार खेतों में जाना पड़ता है। इसलिए हरियाणा की सभी सडकें पक्की की जाएंगी। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के



आरोपों पर कटाक्ष किया। बता दें कि मंत्री आज करनाल में फसल अवशेष प्रबंधन के तहत चल रही कृषि परियोजनाओं की समीक्षा करने के लिए तरावड़ी पहुंचे थे। इस दौरान राणा ने पराली को बड़े ही काम की चीज बताया है। उन्होंने कहा कि पराली जलाने के लिए नहीं होती, बल्कि खेत में खपाने के लिए होती है। खेत में मिलेगी तो भूमि की फर्टिलाइजेशन भी बढ़ जाएगी और अनाज भी ज्यादा होगा और खाद भी कम लगेगा। आज आपने सुपर सीडर चलाया है, कैसा एक्सपीरियंस रहा है? इस सवाल पर मंत्री ने कहा कि अपना तो रोज का काम है। जब भी खेत में काम करते हैं तो कृषि यंत्रों को चलाते हैं। पहले हल चलाते थे, लेकिन अब उनका स्थान टेक्टनॉलोजी ने ले लिया है। अब काम थोड़ा आसान हो गया। किसानों के लिए सरकार ने कृषि यंत्रों पर सब्सिड़ी मुहैया करवाई हुई है। उन्होंने कहा कि एक लाख 882 मशीनें पर सब्सिड़ी दी हुई है, ताकि पराली का प्रबंधन किया जा सके। यह सब्सिड़ी अन्य किसानों को भी मिलती रहेगी, जिससे पराली जलाने की घटनाएं जीरो लेवल तक आ जाएगी। हम किसान भाइयों का हौसला बढ़ाने के लिए पहुंचे हैं और अधिकारियों से भी मिलते हैं, ताकि अधिकारी सक्रिय हो जाए।

# निगमायुक्त ने निगम कर्मचारियों को दीपावली की दी अग्रिम शुभकामनाए

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम** आयुक्त नीरज कादियान ने शहरवासियों तथा नगर निगम के तमाम अधिकारियों व कर्मचारियों को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई प्रेषित करते हुए सभी के स्वस्थ जीवन की कामना की। शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं त्यौहार- निगमायुक्त ने इस अवसर पर सभी शहरवासियों व कर्मचारियों को दीपावली और आगामी त्यौहारों की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दीपावली का त्यौहार हमें न केवल एक सूत्र में बांधने का काम करता है अपितु सभी को अपनी सनातन संस्कृति और उसके महत्व से रू-ब-रू भी कराता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और संस्कार से जुड़ा दीपावली पर्व अंधकार से प्रकाश, असत्य से सत्य और मृत्यु से अमरत्व की ओर अभिमुख होने की प्रेरणा मनुष्य में जगाता है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें संकल्प और निष्ठद्दा का भी संदेश देता है। इसके साथ ही उन्होंने सभी से अपील भी की है कि सभी नागरिक स्वयं और अपने परिवार का ध्यान रखते हुए शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से इन त्यौहारों को मनाएं। उन्होंने कहा कि शहरवासी स्वच्छ दीपावली-शुभ दीपावली मनाने का संकल्प लें।

# एक और 5000 का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला पुलिस** की क्राइम युनिट सीआईए-1 टीम ने इन्द्री में कपड़ा व्यापारी से रंगदारी मांगने के मामले में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। टीम द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर मामले में 5000 रुपए के ईनामी बदमाश आरोपी शुभम पुत्र मेनपाल वासी मुसेपूर थाना इन्द्री, करनाल को इन्द्री के गांव घीड़ क्षेत्र से गिरफ्तार किया। उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि थाना इन्द्री में दर्ज मुकदमा और शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामले में पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनके द्वारा पूछताछ पर उक्त आरोपी के संबंध में खुलासा किया गया था। उनकी टीम निरंतर आरोपी के गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी और दिनांक 28 अक्तूबर को उपनिरीक्षक जयपाल सिंह की अध्यक्षता में कामयाबी उनके हाथ लगी व आरोपी को काबू कर लिया गया। उन्होंने बताया कि 29 अक्तूबर को आरोपी को अदालत से एक दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया था, जो दौराने रिमांड पूछताछ कर उसके कब्जे से एक अवैध देशी पिस्तौल और एक जिंदा रौंद बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि आरोपी द्वारा अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर कपड़ा व्यापारी की रेकी की गई थी।

# गांव गोमली में सम्मान समारोह का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। गांव गोमली निवासी** वर्षा रानी पुत्री मूलचंद शर्मा के द्वारा बीकॉम उत्तीर्ण करने के उपरांत एवं स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर ग्राम पंचायत द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरपंच उर्मिला शास्त्री व पंचों के द्वारा एवं गांव के वरिष्ठ नागरिक दुर्गा प्रसाद द्वारा वर्षा रानी को ट्रॉफी भेट करके उसका सम्मान किया गया एवं उसके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सुरेश कुमार शास्त्री ने बताया कि वर्षा रानी ने इंदिरा गांधी



विश्वविद्यालय में बीकॉम में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक हासिल करके अपने माता-पिता के साथ-साथ गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। गांव के युवाओं को वर्षा रानी से प्रेरणा लेकर शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। सरपंच उर्मिला शास्त्री ने ग्राम की सरकारी स्कूल में पढ़ रही छात्राओं को भी नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# अपोलो स्कूल में रही दीपावली की धूम

**समालखा( कुलदीप सिंह )**

**दीपावली पर्व पर** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल ,पट्टी कल्याणा में कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सभी अध्यापक और विद्यार्थी मौजूद रहे। कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ मंच संचालन करके दर्शकों को दीपावली की शुभकामनाएं दी और दीपावली के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम की मधुर शुरूआत भगवान राम को समर्पित एक सुंदर भजन की मनमोहक प्रस्तुति दे कर की गई। इस मौके पर कक्षा नौवीं की छात्राओं द्वारा मयार्दा पुरुषोत्तम राम के जीवन पर कत्थक के द्वारा प्रस्तुति पेश की गई।

# बंद मकान का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी किए चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। गांव बुचावास में** आर्मी जवान के घर में चोरों ने ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पीड़ित ने सदर पुलिस थाने में शिशकायत देकर कार्रवाई की मांग की हैं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

गांव बुचावास निवासी सुमित कुमार ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह भारतीय सेवा में कार्यरत है। उसकी पोस्टिंग इन दिनों कोलकाता में है। वह अपने मकान को बंद कर ताला लगाकर अपनी पत्नी व बच्चों को साथ लेकर गया था। उसके लड़का



हुआ था। उसकी पत्नी 1 जुलाई को अपने मायके गई थी, वहां से छूछक लेकर बुचावास दो-तीन दिन रुकने के बाद वह वापस मेरे पास आ गई। वह छूछक का पूरा सामान घर पर रखकर गई थी। 27 अक्टूबर की रात को उसके घर में चोरी हो गई। उसने बताया कि छुछक में 2 सोने की अंगूठी मेरी, मेरी पत्नी के कान की झुमकी, लॉकेट, चांदी के 4 सिक्के, 1 नारियल, पाजेब, बच्चे के हाथ-पैर के कड़े व 2 गड्डी 10-10 रुपए की रखी हुई थी। चोर इन सबको चोरी कर ले गया। उसने बताया कि उसके पिता रोज शाम को घर पर आते थे और लाइट जला कर जाते थे। 28 अक्टूबर की शाम को जब उसके पिता घर पर आए और उन्होंने देखा कि ताला टूटा हुआ है। अलमारी में से सारा सामान बाहर पड़ा हुआ था। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत डायल 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। वह दिवाली पर छुट्टी लेकर घर आ रहा था। रास्ते में उसके पिता का फोन आया। उसने घटना की जानकारी दी। वह 15 दिन की छुट्टी लेकर घर आया है। उसे सूरज नामक व्यक्ति पर उसके घर में चोरी करने का शक है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# नगर निगम कार्यालय में बुधवार को नहीं आई कोई शिकायत : नीरज

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम** आयुक्त नीरज कादियान ने बताया कि आमजन की शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने के मकसद को लेकर नगर निगम कार्यालय में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। बुधवार को किसी भी प्रकार की शिकायत निगम कार्यालय में प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने बताया कि निगम अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को गम्भीरता से लिया जाए। शिविर में आने वाले आम आदमी को त्वरित समाधान दिया जाए। उन्होंने सभी शाखा प्रभारियों को भी आदेश दिए हैं कि समाधान शिविर में आई शिकायत का शीघ्र अति शीघ्र निपटान करवाया जाए। अगर किसी शिकायत का मौके पर समाधान नहीं हो सकता, तो उसका निश्चित समयावधि में समाधान करवाना सुनिश्चित किया जाए। निगमायुक्त ने बताया कि प्रत्येक कार्य दिवस को नगर निगम कार्यालय के कॉंफ्रैंस हाल में प्रातः 9 से 11 बजे तक समाधान शिविर लगाया जाएगा। अगर किसी नागरिक की नगर निगम से सम्बंधित शिकायत है, तो वह समाधान शिविर में आकर उसका हल करवा सकता है। समाधान शिविर में उप निगम आयुक्त अशोक कुमार, क्षेत्रीय कराधान अधिकारी अंकुश पराशर, कर अधीक्षक गगनदीप सिंह, नायब तहसीलदार राम कुमार के अतिरिक्त विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रकृति की गोद में रहकर ही मनुष्य सुखी जीवन व्यतीत कर सकता है

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**आर्य बाल भारती स्कूल** परिसर में धन तेरस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया` समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान रणबीर आर्य रहे कोषाध्यक्ष महताब मलिक और आर्य समाज काबड़ी की उप प्रधान ओम दत्त आर्य विशिष्ट अतिथि रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कौ कार्यक्रम का शुभारम्भ गायत्री मंत्र से हुआ और शांति पाठ के साथ ही यह समारोह संपन्न हो गयो समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान



रणदीप आर्य ने कहा कि शिक्षा विकास की धुरी है आधुनिक शिक्षा के आभाव में सुखी जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती इसलिए समय समय पर शिक्षक वर्ग का विशेष सम्मान किया जाना चाहिऐ उन्होंने कहा कि त्योहारों को हमें जहाँ पूरे उत्साह के साथ मानना चाहिए

वही हमारी जीवनशैली प्रकृति को संरक्षण को समर्पित होनी चाहिए` उन्होंने कहा कि प्रकृति की गोद में रहकर ही मनुष्य स्वस्थ व सुखी जीवन व्यतीत कर सकता है।

# 'राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा वल्लभ भाई पटेल का जन्म

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम सिंह** ने बताया कि देश के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन सुबह साढ़े 6 बजे स्थानीय एनडीआरआई के मेन गेट के नजदीक अग्रसेन चौक पर किया जाएगा। रन फॉर यूनिटी दौड़ को हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण बतौर मुख्य अतिथि हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि रन फॉर यूनिटी के सफल आयोजन के लिए जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों को समय रहते पूरा करें। उन्होंने जिला खेल अधिकारी व जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि रन फॉर यूनिटी के दौरान अधिक से अधिक स्कूली छात्र, विभिन्न खेलों के खिलाड़ी व युवा भी मैराथन में हिस्सा लें और राष्ट्रीय एकता का संदेश दें।

उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में इस आयोजन में भाग लेकर सरदार पटेल के सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करें।

# श्री बाबा भगवान दास जन जागरण वेलफेयर फाउंडेशन ने बांटी मिठाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**


**महेंद्रगढ़। श्री बाबा भगवान** दास जन जागरण वेलफेयर फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा एवं समस्त कार्यकारिणी ने झुग्गी-झोपड़ियों के परिवारों को मिठाइयां बांटकर भगवान धनवंतरी कुबेर लक्ष्मी माता से उनके जीवन को सुखमय बनाने की प्रार्थना की। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि श्री बाबा भगवान दास जन जागरण वेलफेयर फाउंडेशन एक राष्ट्रीय स्तर का एनजीओ हैं, जो सदैव आम लोगों की भलाई के लिए और उनके अधिकारों की



रक्षा के लिए उनकी आवाज बनकर खड़ा रहता है। श्री बाबा भगवान दास जन जागरण वेलफेयर फाउंडेशन प्रत्येक स्तर पर फैले हुए भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए सरकार एवं संबंधित अधिकारियों को सहयोग करता रहता है। एनजीओ का प्रयास आम जनता के हितों की रक्षा करते हुए उनको न्याय दिलाना है।


इस अवसर पर श्री गौशाला धौलपोश आश्रम के प्रधान रविंद्र तिवाड़ी, मास्टर महावीर शर्मा, एडवोकेट राहुल कौशिक, सुकेश दीवान, प्रदीप कौशिक एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।


सभी देशवासियों को
दीपावली
भैयादूज
एवं छठ पर्व
की हार्दिक
शुभकामनाएं
पुनीत कोहली
सचिवः वेजिटेबल ट्रेडर्स एसोसिएशन आजादपुर मंडी


सभी देशवासियों को
दीपावली
भैयादूज एवं छठ पर्व
की हार्दिक
शुभकामनाएं
KAUSHAL SHARMA
Principal Bhagwati public school,
Shalimar village Mob no 9313048214


आप सभी क्षेत्रवासियों को
धनतेरस
दीपावली
गोवर्धन पूजा
भाई दूज
छठ पर्व
एवं
गुरु पर्व
की हार्दिक
शुभकामनाएं
नितिन गोयल
कार्यालय मंत्री, जिला केशव पुरम,
दिल्ली प्रदेश एवं पूर्व मण्डल अध्यक्ष


दीपावली, भैयादूज एवं छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
TILES
SANITARYWARE
Mohan Garg
9354212413
Jai Prakash Goyal
9811041323
India's Fifth Largest
Manufacturer Of Sanitaryware
SOMANY
TILES • BATHWARE
SOMANY DURAGRES
STRONG, Stylish
& LONG-LASTING
50 YEARS
LEADERSHIP IN
DESIGN AND INNOVATION
E-mail : bathjewels94@gmail.com
BATH JEWELS
K-6, KEWAL PARK EXTN.,
AZADPUR, DELHI-110033
Sagar Garg #7982107189 | Sanchit Garg #8383880905
MOHAN PAINTS & SANITARY STORE
K-6B, Kewal Park Extn., Azadpur, Delhi-110033
E-mail : mohanpaints.co.in@gmail.com


AAP
Aam Aadmi Party
सभी देशवासियों को
दीपावली
भैयादूज
एवं छठ पर्व
की हार्दिक
शुभकामनाएं
अजीत यादव
निगम पार्षद, वार्ड नम्बर-17, भलस्वा


aap
आम आदमी पार्टी
मै दीपक हूँ, मेरी दुश्मनी तो सिर्फ अंधेरे से है
हवा तो बे वजह ही मेरे खिलाफ है।
हवा से कह दो कि खुद को आजमा के दिखाए
बहुत दीपक बुझाती है, एक जला के दिखाए।
दीपावली
गोवर्धन पूजा भैयादूज
एवं
छठ पूजा गुरूपर्व
की हार्दिक बधाई
एडवोकेट चित्रा "विद्यार्थी"
MA. LLB. LLM
निगम पार्षद, वजीरपुर वार्ड न. 66
आम आदमी पार्टी वजीरपुर विधानसभा


सभी देशवासियों को
दीपावली
भैयादूज
एवं छठ पर्व
की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुशील जोंटी
डिप्टी चेयरमैन, केशवपुरम जोन
निगम पार्षद, संगम पार्क, वार्ड नम्बर-67


सभी देशवासियों को
दीपावली
भैयादूज एवं छठ पर्व
की हार्दिक
शुभकामनाएं
राजू कोहली
PRESIDENT, CHAMBER OF YOUTH ASSOCIATION(REGD.)
MEMBER APMC MNI, GOVERNMENT OF DELHI
President RWA Jan Kalyan Samiti
President Adarsh Punjabi Cultural Society
CHAMBER OF YOUTH ASSOCIATION (REGD.)
OFF.: A-242, BASEMENT, N.S.M., AZADPUR MANDI, DELHI-33 PH.: 9810123534, 9810121934

एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 31 अक्टूबर 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302














## संदिग्ध हालात में महिला लापता, पति गया था काम पर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** **कैथल रोड के** नजदीक की एक कालोनी से एक महिला संदिग्ध हालातों में लापता हो गई। महिला पति का काम पर गया हुआ था। जब शाम को वापस लौटा तो उसे उसकी पत्नी घर पर नहीं मिली। उसने आसपास तलाश भी की, लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। महिला के पति ने एक युवक पर उसकी पत्नी को ले जाने का शक जताया है। करनाल निवासी पीड़ित पति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी पत्नी कल घर पर अकेली थीं। शाम 6 बजे पीड़ित का भाई घर लौटा, उसे भाई की पत्नी नहीं मिली। उसने अपने भाई को जानकारी दी, जिसके बाद उसका भाई घर पर आया और आसपास के एरिया में तलाश शुरू कर दी। परिवार के सदस्यों ने आसपास के क्षेत्रों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर उनकी खोज की, परंतु कोई सुराग नहीं मिला। रिश्तेदारों और ससुराल में भी खोजबीन करने के बाद भी महिला का कोई पता नहीं चला। पीड़ित पति ने बताया कि जब वे थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने जा रहे थे, तब उसकी सास और ससुर ने उन्हें कुछ दिन इंतजार करने की सलाह दी। परिवार ने उम्मीद जताई कि उनकी बेटी खुद ही लौट आएगी, लेकिन कई दिन बीतने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। अब ससुराल पक्ष से पीड़ित को धमकी मिलने लगी है कि यदि उनकी बेटी का पता नहीं चलता तो वे उस पर केस करेंगे। पीड़ित का कहना है कि उन्हें यूपी के जिला समस्तीपुर के एक युवक पर शक है, क्योंकि वे पूर्व में अपनी पत्नी को युवक से बात करते हुए देख चुके हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी ने एक समय युवक से बातचीत बंद कर दी थी, लेकिन पति को विश्वास है कि उसकी पत्नी इस समय युवक के साथ हो सकती हैं। पीड़ित पति ने आरोपी युवक से संपर्क करने की कोशिश की, परंतु उसका फोन भी उसी दिन से बंद है। सदर थाना की जांच अधिकारी समता ने बताया कि महिला के लापता होने की शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गई है।




शुभ दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

RNI : DELHIN/2006/19302

वर्ष: 18 अंक: 301 पृष्ठ: 13    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड














सभी देशवासियों को
दीपावली,
भैयादूज एवं छठ पर्व
की हार्दिक
शुभकामनाएं
नवीन त्यागी
पूर्व चेयरमैन, सिविल लाईन जोन


भारत विकास परिषद
सभी देशवासियों को
दीपावली
भैयादूज एवं छठ पर्व
की हार्दिक
शुभकामनाएं
अरुणोदय गुप्ता
क्षेत्रीय सचिव संपर्क, भारत विकास परिषद


सभी देशवासियों को
दीपावली
भैयादूज एवं छठ पर्व
की हार्दिक
शुभकामनाएं
पं. गोविंद शर्मा
उपाध्यक्ष, जिला केशवपुरम भाजपा, दिल्ली प्रदेश


सभी देशवासियों को
दीपावली
भैयादूज एवं छठ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
AAP
Aam Aadmi Party
नत्थूराम नागर
पूर्व चेयरमैन, सिविल लाईन जोन
कपिल नागर
उपाध्यक्ष, आप यूथ विंग दिल्ली प्रदेश


सभी देशवासियों को
दीपावली,
भैयादूज एवं छठ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
Diwali
प्रवीण लाकड़ा
सुप्रसिद्ध समाजसेवी
नरेला विधानसभा

# धार्मिक ग्रंथों में दीपावली का महत्व

**दीपोत्सव का वर्णन प्राचीन ग्रंथों में मिलता है। दीपावली से जुड़े कुछ रोचक तथ्य हैं जो इतिहास के पन्नों में अपना विशेष स्थान बना चुके हैं। इस पर्व का अपना ऐतिहासिक महत्व भी है, जिस कारण यह त्योहार किसी खास समूह का न होकर संपूर्ण राष्ट्र का हो गया है।**

धर्म की दृष्टि से दीपावली के त्योहार का ऐतिहासिक महत्व है। अनेक धर्मग्रंथ दीपावली का ऐतिहासिक महत्व हमें बतलाते हैं। आइए जानते है दीपावली से जुड़े धार्मिक तथ्य...।

* विष्णु ने तीन पग में तीनों लोकों को नाप लिया। राजा बलि की दानशीलता से प्रभावित होकर भगवान विष्णु ने उन्हें पाताल लोक का राज्य दे दिया, साथ ही यह भी आश्वासन दिया कि उनकी याद में भू लोकवासी प्रत्येक वर्ष दीपावली मनाएंगे।

महाप्रतापी तथा दानवीर राजा बलि ने अपने बाहुबल से तीनों लोकों पर विजय प्राप्त कर ली, तब बलि से भयभीत देवताओं की प्रार्थना पर भगवान विष्णु ने वामन रूप धारण कर प्रतापी राजा बलि से तीन पग पृथ्वी दान के रूप में मांगी। महाप्रतापी राजा बलि ने भगवान विष्णु की चालाकी को समझते हुए भी याचक को निराश नहीं किया और तीन पग पृथ्वी दान में दे दी।

* त्रेतायुग में भगवान राम जब रावण को हराकर अयोध्या वापस लौटे तब उनके आगमन पर दीप जलाकर उनका स्वागत किया गया और खुशियां मनाई गईं।

* कार्तिक अमावस्या के दिन सिखों के छठे गुरु हरगोविन्दसिंहजी बादशाह जहांगीर की कैद से मुक्त होकर अमृतसर वापस लौटे थे।

* बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध के समर्थकों एवं अनुयायियों ने 2500 वर्ष पूर्व गौतम बुद्ध के स्वागत में हजारों–लाखों दीप जलाकर दीपावली मनाई थी।

* कृष्ण ने अत्याचारी नरकासुर का वध दीपावली के एक दिन पहले चतुर्दशी को किया था। इसी खुशी में अगले दिन अमावस्या को गोकुलवासियों ने दीप जलाकर खुशियां मनाई थीं।

* 500 ईसा वर्ष पूर्व की मोहनजोदड़ो सभ्यता के प्राप्त अवशेषों में मिट्टी की एक मूर्ति के अनुसार उस समय भी दीपावली मनाई जाती थी। उस मूर्ति में मातृ–देवी के दोनों ओर दीप जलते दिखाई देते हैं।

* अमृतसर के स्वर्ण मंदिर का निर्माण भी दीपावली के ही दिन शुरू हुआ था।

* जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर ने भी दीपावली के दिन ही बिहार के पावापुरी में अपना शरीर त्याग दिया। महावीर–निर्वाण संवत्? इसके दूसरे दिन से शुरू होता है। इसलिए अनेक प्रांतों में इसे वर्ष के आरंभ की शुरुआत मानते हैं।

* यह भी कथा प्रचलित है कि जब श्रीकृष्ण ने आतताई नरकासुर जैसे दुष्ट का वध किया तब ब्रजवासियों ने अपनी प्रसन्नता दीपों को जलाकर प्रकट की।

* राक्षसों का वध करने के लिए मां देवी ने महाकाली का रूप धारण किया। राक्षसों का वध करने के बाद भी जब महाकाली का क्रोध कम नहीं हुआ तब भगवान शिव स्वयं उनके चरणों में लेट गए। भगवान शिव के शरीर स्पर्श मात्र से ही देवी महाकाली का क्रोध समाप्त हो गया। इसी की याद में उनके शांत रूप लक्ष्मी की पूजा की शुरुआत हुई। इसी रात इनके रौद्ररूप काली की पूजा का भी विधान है।

* मुगल वंश के अंतिम सम्राट बहादुर शाह जफर दीपावली को त्योहार के रूप में मनाते थे और इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेते थे।

* शाह आलम द्वितीय के समय में समूचे शाही महल को दीपों से सजाया जाता था एवं लाल किले में आयोजित कार्यक्रमों में हिन्दू–मुसलमान दोनों भाग लेते थे।

* पंजाब में जन्मे स्वामी रामतीर्थ का जन्म व महाप्रयाण दोनों दीपावली के दिन ही हुआ। इन्होंने दीपावली के दिन गंगातट पर स्नान करते समय ओम कहते हुए समाधि ले ली।

* महर्षि दयानन्द ने भारतीय संस्कृति के महान जननायक बनकर दीपावली के दिन अजमेर के निकट अवसान लिया। इन्होंने आर्य समाज की स्थापना की।

* दीन–ए–इलाही के प्रवर्तक मुगल सम्राट अकबर के शासनकाल में दौलतखाने के सामने 40 गज ऊंचे बांस पर एक बड़ा आकाशदीप दीपावली के दिन लटकाया जाता था। बादशाह जहाँगीर भी दीपावली धूमधाम से मनाते थे।

* सम्राट विक्रमादित्य का राज्याभिषेक दीपावली के दिन हुआ था। इसलिए दीप जलाकर खुशियां मनाई गईं।

* ईसा पूर्व चौथी शताब्दी में रचित कौटिल्य अर्थशास्त्र के अनुसार कार्तिक अमावस्या के अवसर पर मंदिरों और घाटों (नदी के किनारे) पर बड़े पैमाने पर दीप जलाए जाते थे।



# परिवार संग करें देवी पूजन

*कहते हैं कि माता के शरण में सच्चे मन से जो भी व्यक्ति जाता है। उसकी सारी समस्याओं का निवारण हो जाता है। वैसे भी लक्ष्मी का आशीर्वाद मनुष्य को केवल संपन्न ही नहीं बनाता, बल्कि परिवार में खुशियां भी ले कर आता है। इस बार परिवार के सभी सदस्य मिलकर कैसे मनाएं लक्ष्मी जी को आइए जानते हैं।*

*श्रीसूक्त में लक्ष्मीजी को 'विश्व प्रिये, विष्णु मनोनुकूले' कहकर सम्बोधित किया गया है। इसका अर्थ है कि लक्ष्मी का आशीर्वाद कौन नहीं पाना चाहता? धन वैभव किसे नहीं चाहिए? लक्ष्मी के आशीर्वाद से घर में पैसा आता है और सुख भी। लक्ष्मी का आशीर्वाद और विष्णु भगवान की अनुकूलता से घर में सुख-शांति और समृद्धि हमेशा बनी रहती है। दीपावली की रात पारिवारिक दृष्टि से सुख-समृद्धि व व्यापारियों के लिये लाभ और प्रगति के लिए अलग-अलग मुहूर्तो पर पूजा करने का प्रावधान है। पारिवारिक समृद्धि के लिये प्रदोष काल यानी शाम को दो घंटे में वृषभ लग्न में पूजा करने का प्रावधान है, जबकि व्यापारियों के लिये आधी रात में पड़ने वाला सिह लग्न का मुहूर्त उत्तम माना गया है। रात में की गई पूजा का फल सबसे अच्छा होता है।*



# व्यापार में सफलता दिलाती है लक्ष्मी पूजा

आज के इस आधुनिक दुनिया में हर व्यक्ति किसी ना किसी रूप से परेशान है ही। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी होती है। कमाई की समस्या। किसी को नौकरी नहीं मिलती तो किसी का व्यावसाय नहीं चलता। अगर आप भी इस समस्या से जूझ रहे हैं और यदि बहुत मेहनत करने के बाद भी आप को सही फल नहीं मिल रहा है व व्यापार में लगातार लाभ नहीं हो पा रहा है, तो इस प्रयोग से आप लक्ष्मीजी को प्रसन्न करने में कामयाब रहेंगे। दीपावली की शाम को 16 गोमती चक्र गुलाब जल से धोकर लाल चन्दन वाले पानी में डुबा दें। श्रीं श्रीं श्रीं कमले कमलालये विष्णु वल्लभायै धन समृद्धि प्रदायै महालक्ष्म्यै श्रीं श्रीं श्रीं मंत्र से धूप-दीप अर्पित करें। मंत्र का जाप करें। गोमती चक्र को अपने प्रतिष्ठान में लगाएं। इससे आपको लाभ मिलेगा।

# सिह लग्न में लक्ष्मीजी की पूजा

यह पूजा आधी रात को व्यापारियों द्वारा अपने प्रतिष्ठान में संपन्न कराई जाती है। गणेश पूजन के बाद कमल गट्टा और अन्य जड़ी-बूटियों के साथ लक्ष्मीजी का आह्वान किया जाता है। सबके साथ मिलकर 'कनकधारा स्त्रोत ' तथा 'श्रव्लृह्व लृद्' का पाठ कर लक्ष्मी जी का अभिषेक करें और आरती कर सभी कर्मियों में प्रसाद बांटें। अपने बहीखाते का सरस्वती के रूप में पूजन करें। लिखने के लिये प्रयुक्त की जाने वाली कलम या स्याही की बोतल का मां काली के रूप में पूजन करें। प्रतिष्ठान के द्वार पर गणेश जी की पूजा करें और शुभ लाभ अंकित करें।

## गोवर्धन पूजा से प्रसन्न होंगे भगवान श्रीकृष्ण

गोवर्धन पूजा के दिन सुबह आम की लकड़ी के पाटे पर गाय के गोबर से छोटे पहाड़ बनाएं। दोनों पहाड़ों की धूप,दीप चन्दन आदि से पूजा करें और घर के द्वार पर लगा कर फिर से पूजा करें। इससे भगवान कृष्ण की कृपा से जीवन में स्थिरता प्राप्त होती है।

## मंगल देवताया

मां लक्ष्मी का पंचामृत से श्रीसूक्त का पठन करते हुए अभिषेक करें। चंचलाये नमः, चपलाये नमः मंत्रों का उच्चारण करते हुए लक्ष्मी की पूजा करें। अष्ट लक्ष्मी का पूजन भी करें। श्रृंगार सामग्री, धूप, दीप भोग अर्पित करने के बाद आरती करें और सबको प्रसाद बांटें। दीप जलाना ना भूलें।

## भाई की लम्बी उम्र की प्रार्थना

भाई दूज को यम द्वितीया भी कहा जाता है। शास्त्रों में वर्णन है कि यम द्वितीया को मृत्यु के देवता। अपनी बहन यमुना से मिलने आते हैं। इसीलिये यमुना के तट पर पूजा का बहुत महत्ता है। इस दिन अपने भाई का चन्दन, रोली से टीका कर आरती करें। भाई की दीर्घायु हेतु प्रार्थना करें। भाई के साथ भगवान शिव के भी दर्शन करें।



# दीपावली की रात कुछ ऐसे मिलते हैं संकेत



दीपावली की रात देवी लक्ष्मी धरती पर आती हैं। इस रात जिस घर पर देवी की कृपा हो जाती है उनके लिए पूरा वर्ष सुखद रहता है। धन आगमन एवं लाभ का स्रोत बना रहता है।

भौतिक सुख के साधन एवं स्थायी संपत्ति में इजाफा होता है। शकुन शास्त्र एवं प्राचीन मान्यताओं के अनुसार दीपावली की रात कुछ ऐसे संकेत मिलते हैं जिससे आप जान सकते हैं कि इस वर्ष आप पर लक्ष्मी की कृपा हुई है।

## दीवारों पर दिख जाए छिपकली

दीवारों पर दौड़ती हुई छिपकली आपको यूं तो अक्सर दिख जाएगी। लेकिन दीपावली की रात छिपकली का दिखना बड़ा ही दुर्लभ होता है। इस रात अगर आपको छिपकली दिख जाए तो यह बड़ा ही अच्छा शगुन होता है। यह लक्ष्मी की कृपा का सूचक माना गया है।

परिणाम स्वरूप उत्साह और ध्यान से काम कर सकेंगे। आत्मविश्वास बढ़ेगा। सप्ताह के अंत में आर्थिक आयोजन में प्रारंभिक अवरोध के बाद सफलता मिलेगी। निवेशकार सावधानीपूर्वक निवेश करें, मित्रों- शुभेच्छकों के मिलने से आप को आनंद होगा। व्यवसायक्षेत्र में सहयोगभरा माहौल रहेगा। दोस्तों, भाई-बंधुओं और पड़ौसियों के साथ संबंध मनमेल भरे रहेंगे। नए कार्यों की शुरूआत कर सकते हैं।

## बिल्ली घर में आए तो किस्मत खुल जाए

घर में घुसकर बिल्ली अक्सर दूध पी जाती है और आप इससे दुःखी हो जाते हैं। लेकिन दीपावली की रात अगर बिल्ली घर में आ जाए तो जश्न मनाना चाहिए। यह धन वृद्धि का सूचक होता है।

बिल्ली को नकारात्मक उर्जा का संचार करने वाला जीव माना गया है लेकिन दीपावली की रात घर की छत पर बिल्ली आकर मल त्याग करे तो इसे स्थायी लक्ष्मी की प्राप्ति का संकेत मानना चाहिए।

## प्रार्थना करें उल्लू दिख जाए

देवी लक्ष्मी का वाहन उल्लू माना गया है। माना जाता है कि दीपावली की काली अमावस रात में देवी लक्ष्मी अपने वाहन पर बैठकर भ्रमण करती हैं। इसलिए इस दिन उल्लू का दिखना बहुत ही शुभ माना जाता है। माना जाता है कि इस दिन उल्लू का दिखना देवी लक्ष्मी की कृपा से ही संभव होता है।

## साल भर धनागमन बना रहता है

छछुंदर जमीन के अंदर बिल बनाकर रहता है। यह रात के समय घरों में घुसकर बिखरे अनाज और दूसरे खाद्य पदार्थों को खाकर पेट भरता है।

दीपावली की रात अगर छछुंदर घर में आ जाए तो इसे भी शुभ संकेत समझना चाहिए इससे साल भर धनागमन बना रहता है।

दीपावली के दिन गिरा हुआ अथवा कहीं से अटका हुआ धन का मिलना भी शुभ शगुन माना गया है। इस दिन उपहार मिलना भी शुभ शगुन माना गया है। इसलिए दीपावली के दिन एक दूसरे को उपहार देने का रिवाज है। इस खर्च के कारण जेब हल्की होने पर भी आप आनंदित रहेंगे। सप्ताह के अंत में स्थिति थोड़ी प्रतिकूल होने के कारण सरकारी मामलों में सावधानी बरतें। कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से उलझने से बचें। विरोधी और शत्रु सक्रिय रहेंगे। आप आध्यात्म के मार्ग से मन की शांति पा सकते हैं। गहन चिंतन से आप खुद की कमियों को दूर कर पाएंगे।

सप्ताह के मध्य में ग्रहदशा सुधरने से आपका मन हलका होगा। पड़ोसियों के साथ संबंध मिठास भरा रहेगा। घर में मित्रों और स्नेहीजनों का आगमन आनंददायी होगा। यात्रा होने की भी संभावना है। भाग्यवृद्धि के योग हैं। सप्ताह के अंत में आप के स्वभाव में भावुकता ज़्यादा रहेगी। भविष्य सुरक्षित करने के लिए दीर्घकालिक निवेश करने का उत्तम समय है। माता की ओर से ज़्यादा प्रेम का अनुभव होगा।

## मखाना का भोग

लक्ष्मी मैया को मखाना प्रिय है। इसका कारण यह है कि लक्ष्मी माता जल से प्रकट हुई हैं। मखाना भी जल में पलता बढ़ता है, यानि जल से जन्म लेता है। सागर को मथने के बाद जैसे लक्ष्मी उत्पन्न हुई थीं उसी प्रकार मखाना भी जल में एक कठोर आवरण में ढ़का रहता है।




# एरोसिटी में फूड आउटलेट्स को 24 घंटे संचालन की अनुमति

**नई दिल्ली: दिल्ली में पर्यटन को बढ़ावा** देने के लिए एरोसिटी में फूड आउटलेट्स और रेस्टोरेंट्स को 24 घंटे संचालन की अनुमति दी जाएगी। अब दिल्ली एयरपोर्ट के पास एयरोसिटी में रेस्टोरेंट-फूड आउटलेट्स 24 घंटे खुले रहेंगे। प्रस्ताव को सीएम आतिशी से मंजूरी मिल गई है। यह कदम दिल्ली के राजस्व को बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। वर्तमान में, दिल्ली, एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। ऐसे में यहाँ राजस्व बढ़ाने की बहुत सी संभावनाएं है और इस निर्णय के बाद लाइसेंस फीस के जरिये राजस्व में वृद्धि देखने को मिलेगी। इस बाबत प्रस्ताव दिया गया था कि दिल्ली एयरपोर्ट के पास एरोसिटी में स्थित फूड आउटलेट्स और रेस्टोरेंट को 24 घंटे खुला रखने की अनुमति दी जाए, जिससे सरकार का राजस्व बढ़ सके। बता दे कि, गुरुग्राम में रेस्तरां को अतिरिक्त शुल्क के बदले देर तक खुला रखने की अनुमति है, जिससे वहां का राजस्व बढ़ता है। साथ ही एयरोसिटी में मौजूदा कुछ 4-स्टार और उससे ऊपर के होटल पहले से ही 24 घंटे खुले रहते हैं। इसी तर्ज पर राजस्व बढ़ाने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट स्थित एयरोसिटी में फूड आउटलेट्स - रेस्टोरेंट्स को 24 घंटे खुला रखने की तैयारी चल रही है। एरोसिटी क्षेत्र में स्थित रेस्टोरेंट्स को 24 घंटे खुला रखने और 24X7 संचालन से न केवल पर्यटकों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी, बल्कि सरकार के राजस्व में भी वृद्धि होगी। ऐसे में एरोसिटी के रेस्टोरेंट्स को 24 घंटे खुला रखने की अनुमति दी जाए, इस प्रस्ताव की सीएम आतिशी से मंजूरी मिल गई है।

# दीवाली विद माई भारत का किया जा रहा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मेरा युवा** भारत (मायभारत), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा देश भर में 'ये दिवाली माय भारत के साथइ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत (मायभारत) के लांच होने की प्रथम वर्षगांठ के अंतर्गत 27 से 30 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस आयोजन में देशभर में मायभारत के युवा स्वयंसेवी मुख्यतः 4 गतिविधियों में भाग ले रहे हैं जिनमें व्यापार मंडलों के साथ मिलकर बाजारों की साफ सफाई, अस्पतालों की साफ सफ ईई, ट्रैफिक पुलिस के साथ मिल कर ट्रैफिक नियंत्रण में सहयोग और मायभारत के साथ अनुभव साझा करना शामिल हैं। इसी कड़ी में नेहरू युवा केंद्र तथा मेरा युवा भारत के युवा स्वयंसेवियों द्वारा जिला युवा अधिकारी रेनू रानी के निदेर्शानुसार 27 से 30 अक्टूबर तक करनाल जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।






# 25,12,585 दीपों से जगमग हुई अयोध्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**अयोध्या:** रामनगरी में बुधवार को सांध्यकालीन अद्भुत, अलौकिक, अविस्मरणीय...कल्पनातीत सौंदर्य दिखा, जब 25,12,585 (25 लाख,12 हजार 585) दीपों से जगमगाती रामनगरी को कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर जिसने भी देखा, अपलक निहारता ही रह गया। प्रभु श्रीराम की नगरी के वासी हों या भारत के सुदूर कोने-कोने से आए श्रद्धालु, सभी अवधपुरी के कण-कण, रज-रज में अपने राम की छवि को हृदय में बसाए थे। राम, जय जय श्रीराम हर ओर गुंजायमान रहा। अवधपुरी में बुधवार को दीपोत्सव का आयोजन अद्वितीय हो गया। हर श्रद्धालु के मन में इस बार अलग ही उमंग, उत्साह व उल्लास रहा, क्योंकि 500 वर्ष पश्चात 22 जनवरी 2024 को अपने दिव्य-भव्य महल में विराजमान होने के उपरांत प्रभु के चरणों में 'समूचा भारत' दीप प्रज्ज्वलित कर उत्सव मना रहा है। पहली बार प्रभु की मौजूदगी में अयोध्या दीपोत्सव में आस्था, आह्लाद और आत्मीयता के दीप जले।

सहज आह्लाद के साथ आत्मीयता के भावों को संजोए हुए आराध्य प्रभु के प्रति आस्था निवेदित करते हुए सरयू तीरे जल रहे 25,12,585 दीपों के बीच निहाल श्रद्धालुओं का हर्ष, उमंग और अनुभूति हर कोई महसूस कर रहा था। सहज भाव से हो रहे 'राम राम जय राजा राम' 'जय सिया राम' 'सियावर रामचन्द्र की जय' जयघोष के साथ सरयू की लहरों में उठती तरंगें देख ऐसा लगा कि मानो सरयू मैया भी 'अपने राम' की जयकार कर रही हों।












ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 31 अक्टूबर 2024 ▸ पृष्ठ 20 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



